* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

01 अप्रैल, 2023
चैत्र, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 161


**आइपीएल ओपनिंग सेरेमनी :** रश्मिका मंदाना ने किया 'नाटू-नाटू' पर डांस, अरिजीत के गानों पर झूमे सवा लाख दर्शक











**पश्चिमी सिंहभूम : पुलिस रामनवमी में व्यस्त, नक्सलियों ने मचायी लूटपाट**

# भाकपा माओवादियों ने लूटी विस्फोटक सामग्री

- डीके घोष कंपनी ने तैनात कर रखे थे पहरेदार
- डेटोनेटर और विस्फोटक सामग्री ले भागे नक्सली



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में रामनवमी में सुरक्षा की तैयारियों में पुलिस व्यस्त थी। इस बीच नक्सली बड़ाजामदा ओपी क्षेत्र के परम बालजोड़ी गांव जंगल स्थित डीके घोष कंपनी की विस्फोटक रखने वाली मैगजिन भारी तादाद में डेटोनेटर और अन्य विस्फोटक सामग्री लूट कर फरार हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार रात करीब एक बजे की है। भाकपा माओवादियों ने धावा बोल कर भारी तादाद में डेटोनेटर और अन्य विस्फोटक सामग्री लूटी है।

**गांव के प्राइवेट सुरक्षा गार्ड करते हैं निगरानी :** प्राप्त जानकारी के अनुसार डीके घोष कंपनी की विस्फोटक परम बालजोड़ी गांव क्षेत्र में रखते हैं। विस्फोटक रखनेवाले स्थल की निगरनी और सुरक्षा उसी गांव के प्राइवेट सुरक्षा गार्ड के जिम्मे बतायी जा रही है। इसकी जानकारी नक्सलियों को हो चुकी थी। इसके बाद वे पूरी योजनाबद्ध तरीके से इसे लूटना के लिए आये थे। हालांकि नक्सली जिस बारूद का बड़ा भंडार को लूटने आये थे, उसमें वह सफल नहीं हो पाये हैं। कंपनी ने विस्फोटक से संबंधित बारूद का बड़ा जखीरा वहां नहीं रखा था। कुछ डेटोनेटर और अन्य विस्फोटक सामग्री ही लूटने में वह सफल रहे। खबर लिखे जाने तक कितना विस्फोटक पदार्थ लूटा गया है, इसकी जानकारी नहीं मिल पायी थी।

**पुलिस ने अलर्ट किया जारी, जांच शुरू :** सूत्रों के अनुसार पुलिस ने घटना वाली रात लगभग एक बजे इस नक्सली घटना के बाद पश्चिमी सिंहभूम जिले के तमाम थाना और सीआरपीएफ कैंप को अलर्ट पर रहने को आदेश दिया था। 30 मार्च को रामनवमी की वजह से सारी पुलिस व्यस्त थी। गुरुवार देर रात को तेज वर्षा और आंधी चल रही थी, जिसका फायदा नक्सलियों ने उठाते हुए घटना को अंजाम दिया।

**क्या है डीके घोष नामक कंपनी :** डीके घोष नामक कंपनी पूर्व से लौह अयस्क की प्राइवेट खदानों को विस्फोटक पदार्थ आपूर्ति करने का कार्य करती है। उसके पास इसका लाइसेंस भी है। इनका एक पेट्रोल पंप बड़ाजमदा में भी है। विस्फोटक वाले कई वाहन भी इनके पास हैं। किरीबुरू के एसडीपीओ अजीत कुजूर ने बताया कि ऐसी सूचना प्राप्त हुई है। लेकिन नक्सली कुछ डेटोनेटर आदि ही लूट कर ले गये हैं। विस्फोटक अथवा बारूद का बड़ा जखीरा वहां नहीं था।

# हेमंत सोरेन ने अंकित को पढ़ाई में हरसंभव मदद करने का दिया निर्देश

- अंकित ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री से मांगी थी मदद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद बोकारो के गोमिया स्थित बड़की पुन्नू निवासी अंकित कुमार को मैट्रिक के बाद की पढ़ाई के लिए मदद पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। साथ ही, उसके परिजनों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से भी आच्छादित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री को उपयुक्त बोकारो ने बताया कि अंकित कुमार एवं उसके परिजनों से संपर्क कर लिया गया है। अंकित के उज्ज्वल भविष्य को लेकर जिला प्रशासन सजग है। सभी कल्याणकारी योजनाओं से अंकित के परिजनों को अच्छादित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

**रामनवमी के दिन मदद कर दें महोदय :** अंकित ने ट्विटर पर लिखा, 'रामनवमी के दिन मदद कर दें श्रीमान।' उसने मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र, अपनी तस्वीर और मैट्रिक का अंकपत्र पोस्ट किया था। बोकारो निवासी अंकित पढ़-लिख कर आइएएस बनना चाहता है। उसने मैट्रिक परीक्षा 2022 में करीब 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से अंकित आगे की पढ़ाई करने में असमर्थ है। अंकित के पिता शारीरिक रूप से कमजोर हैं और मजदूरी करने वाली मां का वाहन दुर्घटना में हाथ-पैर टूट गया है। जिससे पूरे परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रह है।

**गरीबी पढ़ाई में बाधा नहीं बने :** मुख्यमंत्री को अंकित के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल बोकारो उपायुक्त को मामले की जांच कर अंकित को हर संभव मदद पहुंचाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त बोकारो को मामले की जांच कर अंकित की पढ़ाई हेतु हरसंभव सरकारी सहायता पहुंचाने एवं अंकित के परिवार को जरूरी सभी योजनाओं से जोड़ते हुए भी सूचित करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पढ़ाई में गरीबी बाधा न बने, इसके लिए सरकार हर स्तर पर कई योजनाएं लेकर आयी है।

**लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 114 प्रतिशत की प्राप्ति**

# वाणिज्य कर विभाग ने लक्ष्य से अधिक की वसूली कर रिकॉर्ड बनाया : डॉ रामेश्वर उरांव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वाणिज्य कर विभाग ने 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली कर राज्य के लिए एक रिकॉर्ड स्थापित किया है। उक्त बातें झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने शुक्रवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आज चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 का अंतिम दिन है और आज अभी तक वाणिज्य कर विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य 18,500 करोड़ रुपये के विरुद्ध 25000 करोड़ से अधिक की वसूली कर ली है। यह निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 114 प्रतिशत की प्राप्ति की है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कर प्रणाली के लागू होने के पश्चात पांच वर्षों तक ही केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को कंपेनसेशन का भुगतान किया जाना था, जो अवधि चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम त्रैमास में ही समाप्त हो गया। अर्थात 1 जुलाई 2022 से केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को कंपेनसेशन का भुगतान बंद कर दिया गया है। फिर भी वाणिज्य कर विभाग में यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि विगत वित्तीय वर्ष में केंद्र सरकार के कंपेनसेशन की राशि को अलग करने के बाद वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्राप्त 15741 करोड़ की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में 18941 करोड़ रुपये हुई है, जो लगभग 3200 करोड़ रुपये अधिक की प्राप्ति हुई है। वाणिज्य कर विभाग द्वारा विगत वर्ष 2021-22 में प्राप्त राजस्व संग्रहण की तुलना में एसजीएसटी मद में 18 प्रतिशत, वैट मद में 22 प्रतिशत, विद्युत शुल्क मद में 43 प्रतिशत, पेशा कर मद में 4 प्रतिशत से अधिक की वसूली की गयी है। वाणिज्य कर विभाग द्वारा कंपेनसेशन की कमी को पूरा करने के लिए कुछ नया कदम उठाया गया, जिसके प्रतिफल के रूप में राजस्व संग्रहण में अत्यधिक वृद्धि हुई। विभाग द्वारा मुख्यालय एवं प्रमंडलीय स्तर पर आइआरयू का गठन किया गया, जिसके द्वारा आंकड़ों का विश्लेषण कर निरीक्षण आदि कार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त पांच बड़े अंचलों में एसटीयू का गठन किया गया है, जिनका कार्य बड़े करदाताओं के विवरणियों आदि का अनुश्रवण करना है। साथ ही, चालू वित्तीय वर्ष में आइआरयू के रिवर्सल से भी लगभग 563 करोड़ राजस्व की वसूली हुई है। वाणिज्य कर विभाग द्वारा वैट के ऑनलाइन कर निर्धारण प्रक्रिया को प्रारंभ किया गया है, जिसमें व्यवसायियों को कार्यालय आने की आवश्यक न के बराबर है।

# रामनवमी के बाद बंगाल-महाराष्ट्र में फिर हिंसा

- हावड़ा में घरों पर पथराव होने के बाद रैफ ने संभाला मोर्चा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता/ संभाजीनगर/ वडोदरा।** बंगाल और महाराष्ट्र में रामनवमी के एक दिन बाद शुक्रवार को फिर हिंसा भड़क गयी। उपद्रवियों ने हावड़ा और संभाजीनगर में मंदिरों पर पत्थरबाजी की। इससे पहले गुरुवार को देशभर में रामनवमी के मौके पर राज्यों में हिंसा और आगजनी की खबरें भी सामने आयी थीं। गुजरात के वडोदरा, महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर-जलगांव, पश्चिम बंगाल के हावड़ा-इस्लामपुर और लखनऊ में दो समुदायों के बीच झड़प के बाद पथराव-आगजनी की घटनाएं हुईं। अब तक तीन राज्यों में हिंसा के केस में 80 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें गुजरात में 24, महाराष्ट्र में 20 और बंगाल में 36 लोग शामिल हैं।

**हवड़ा में रैफ जवान तैनात, अमित शाह ने ली जानकारी :** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के शिवपुर में रामनवमी के जुलूस पर गुरुवार को मुस्लिम बहुल बस्ती में छतों से पथराव के बाद हुई हिंसा शुक्रवार सुबह फिर भड़क उठी। आसपास के हिंदुओं के घरों पर हमला किया गया। जमकर पत्थरबाजी हुई है। हालात पर काबू पाने के लिए रैफ के जवानों को उतारना पड़ा है। इलाके में स्थिति बेहद तनावपूर्ण है। वहीं दूसरी ओर इस घटना की सीबीआइ जांच की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनकी याचिका स्वीकार कर ली गयी है। सोमवार को इस पर सुनवाई है। उन्होंने एनआइए जांच की भी मांग की है। शुभेंदु अधिकारी ने मीडिया से कहा कि मुख्य न्यायाधीश की अदालत ने उनकी याचिका को स्वीकार कर लिया है। सोमवार को इसपर सुनवाई होगी। उन्होंने हिंसा के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस व राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इस घटना में तृणमूल के गुंडे व देशविरोधी ताकतें शामिल है। जानबूझकर हिंदुओं को निशाना बनाया गया है। इसबीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यपाल सीवी बोस से बात कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली है। अमित शाह ने पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार से भी फोन पर बात की है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में जानकारी ली है।

**महाराष्ट्र में 10 पुलिसकर्मी समेत 12 लोग घायल :** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के किराडपुरा इलाके में बुधवार-गुरुवार रात दो गुटों के बीच झड़प हुई थी। लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव किया और कई वाहनों में आग लगा दी। हमले में 10 पुलिसकर्मी समेत 12 लोग घायल हो गये। अब तक 20 लोगों की गिरफ्तार किया गया है। उधर, गुजरात के वडोदरा शहर में गुरुवार को दो जगहों पर रामनवमी शोभायात्रा में पथराव हुआ। पहली घटना फतेहपुरा क्षेत्र के पंजरीगर मोहल्ले के पास दोपहर में हुई, जबकि दूसरी घटना शाम को कुंभरवाड़ा में हुई। पथराव में कई लोग घायल हुए हैं।

## इंदौर मंदिर हादसे में अब तक 36 मौतें

**इंदौर (आजाद सिपाही)।** इंदौर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर हादसे में 36 लोगों की जान चली गयी। मामले में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सेवाराम गलानी पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। 20 से ज्यादा लोगों का अभी इलाज चल रहा है। देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा। रात 12 से 1.30 बजे के बीच 16 शव और निकाले गये। शुक्रवार सुबह रेस्क्यू दोबारा शुरू किया गया। मंदिर की दीवार और बावड़ी की स्लैब तोड़ी गई। आर्मी और प्रशासन की कई टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रहीं। 53 वर्षीय सुनील नाम के शख्स का शव शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे बाहर निकाला। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार सुबह घायलों और मृतकों के परजिनों से मिलने पहुंचे। गौरतलब है कि करीब 60 साल पुराने मंदिर में गुरुवार को पूजा की जा रही थी। 11 बजे हवन शुरू हुआ था। बावड़ी की गर्डर फर्शी से बनी छत पर 60 से ज्यादा लोग बैठे थे। स्लैब भरभराकर गिर गया। सभी लोग बावड़ी में जा गिरे।

# इडी रांची जोन में 6 अतिरिक्त अधिकारियों की होगी तैनाती

- झारखंड के मामलों में तेजी से होगी जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**


**रांची।** झारखंड में घोटालों की जांच में तेजी लाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने रांची जोन में मैन पॉवर बढ़ाने का फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक इडी के रांची जोन में छह अतिरिक्त अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। इस समय रांची इडी डोन में संयुक्त निदेशक कपिल राज हैं। वह दिल्ली शराब घोटाला, बंगाल में मवेशी और कोयले की तस्करी जैसे कई बड़े भ्रष्टाचार के मामलों की निगरानी कर रहे हैं। इनके अलावा कई अन्य अधिकारी भी रांची क्षेत्र के प्रमुख हैं। रांची जोन में दो उप निदेशक खितेश गुप्ता और ऋषिकेश पांडे के अलावा कुछ सहायक निदेशक और जांचकर्ता हैं, जो कई मामलों की जांच कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक इन तमाम मामलों में जाच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। अधिकारियों की कमी की वजह से जांच कार्य तेजी से नहीं हो पा रहा है। इस देखते हुए इडी ने रांची जोन में अधिकारियों की संख्या बढ़ाने का फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक राज्य में जल्द ही छह अधिकारियों की तैनाती होगी।

**इडी मनरेगा घोटाला और अवैध खनन की जांच कर रही :** पिछले कुछ सालों में रांची जोन में भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आये हैं। जिसमें शीर्ष राजनेताओं और नौकरशाहों से जुड़े कई मामले हैं। इसमें खूंटी जिला मनरेगा घोटाला, साहिबगंज में 1000 करोड़ रुपये का पत्थर खनन घोटाला, विधायक कैश कांड, अधिवक्ता राजीव कुमार से जुड़े जनहित याचिका का मामला, आदि शामिल हैं। इन मामलों में निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा इडी के गिरफ्त में हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत की अधिकारियों से पूछताछ कर चुकी है।

**इडी को 60 दिन में चार्जशीट फाइल करनी है :** इडी ने 23 फरवरी को मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को 100 करोड़ रुपये से अधिक के भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया था। कई राजनेता और नौकरशाह एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। इडी को 60 दिन में चार्जशीट फाइल करनी है। उधर, आइएएस राजीव अरुण एक्का और विशाल चौधरी की निकटतता का खुलासा हुआ है। हाल ही में इडी ने राजीव अरुण एक्का से दो बार पूछताछ की थी। इसके अलावा इडी ने झारखंड खेल घोटाले की जांच भी शुरू कर दी है।

## इडी कोर्ट ने दिया दाहू और सुनील की संपत्ति कुर्की का आदेश

रांची (आजाद सिपाही)। इडी कोर्ट ने अवैध खनन मामले में आरोपी दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव की संपत्तियों को कुर्क करने की अनुमति दे दी है। गौरतलब है कि इन दोनों के खिलाफ पिछले साल विशेष पीएमएलए अदालत ने वारंट जारी किया था। तब से दोनों फरार हैं। इडी ने दोनों आरोपियों के संपत्ति कुर्क करने की मंजूरी मांगी थी, जो शुक्रवार को मिल गयी है। दाहू और सुनील यादव साहिबगंज जिले के मूल निवासी हैं। ये पंकज मिश्रा के सहयोगी हैं, जिन्हें इडी ने 1000 करोड़ रुपये के पत्थर खनन घोटाले में गिरफ्तार किया था और चार्जशीट किया था। जानकारी के मुताबिक इडी ने दाहू के पिता पशुपति यादव और दाहू यादव के बेटे राहुल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट हासिल कर लिया है। इसके अलावा पंकज मिश्रा के दो निजी कर्मचारियों के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया। उन पर आरोप है कि उन्होंने पंकज मिश्रा को न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान गवाहों को प्रभावित करने के लिए अलग-अलग लोगों से बात करने के लिए एक मोबाइल फोन उपलब्ध कराया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,800 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 01 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



# उधार के नेताओं से झारखंड में हुआ है भाजपा को बड़ा नुकसान

## ■ बाहरी पार्ट-पुर्जों को फिट करने की कोशिश में हो रहा नुकसान

## ■ संगठन में तपे-तपाये नेताओं-कार्यकर्ताओं से ही हो सकता है बेड़ा पार

**आजाद सिपाही विशेष**

दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की झारखंड प्रदेश इकाई वर्ष 2013 से ही एक अजीब से उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। भाजपा की इस प्रदेश इकाई को शायद आगे का रास्ता दिख नहीं रहा है या फिर वह उस पर चलने की इच्छुक नहीं है। पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता अमित शाह इन वर्षों में कई बार राज्य का दौरा कर चुके हैं और आज भी लगातार प्रदेश स्तरीय नेताओं के संपर्क में हैं, लेकिन शायद एक तरफ इन नेताओं की नजर नहीं जा रही है। वर्ष 2014 से ही जहां पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व राज्य की सभी 14 संसदीय सीटों को जीतने की रणनीति पर काम करता रहा है, लेकिन आज तक यह संभव नहीं हो पाया है। इसके पीछे का कारण बेहद दिलचस्प है। 2014 में झारखंड में पहली बार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आयी भाजपा ने अगले पांच साल में कुछ अजीब प्रयोग किये। उस बार पहली बार एक गैर-आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री बनाया गया, तो बाद में दूसरे राजनीतिक दलों के नेताओं को अपने खेमे में लाने और प्रमोट करने का सिलसिला भी शुरू कर दिया गया, लेकिन पार्टी की यह रणनीति बुरी तरह विफल हो गयी, क्योंकि 2019 में विधानसभा चुनाव में पार्टी सत्ता से बाहर हो गयी और बाहर से आये नेता भी चुनावी रेस में चारों खाने चित्त हो गये। इसलिए कहा जा सकता है कि झारखंड भाजपा की गाड़ी में बाहरी पार्ट-पुर्जों को लगाना पार्टी के लिए भारी पड़ गया और पार्टी की वर्तमान स्थिति के लिए यही रणनीति एक हद तक जिम्मेवार है। झारखंड भाजपा की इस स्थिति का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



पिछले नौ साल से देश की सत्ता पर बरकरार और देश के आधे से अधिक राज्यों की सत्ता संभाल रही भारतीय जनता पार्टी को भारतीय सियासत की 'चुनावी मशीनरी' कहा जाता है, क्योंकि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी हमेशा चुनावी मोड में रहती है और इसका चुनाव जीतने का ट्रैक रिकॉर्ड लगभग अपराजेय रहा है। ऐसे में जब 2024 का आम चुनाव महज एक साल दूर है, तो पार्टी के भीतर की स्थिति पर नजर डालना बेहद जरूरी है। इसका कोई ठोस कारण तो नहीं है, लेकिन कुछ बात तो है, जिसके कारण 2014 के विधानसभा चुनाव के बाद से झारखंड भाजपा अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकी है। 2014 के विधानसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद पार्टी पूरी तरह से फील गुड में आ गयी। उसे लगने लगा कि वह जिस किसी भी नेता पर हाथ रख देगी, वह कद्दावर बन जायेगा, जिसे भी कहीं से लाकर टिकट दे देगी, वह जीत जायेगा। यही कारण था कि 2014 में सत्ता में रहने के दौरान पार्टी ने खूब प्रयोग किये। अपनी घोषणा के अनुसार 56 का आंकड़ा पार करने के लिए उसने जहां-तहां से नेताओं को उठा कर अपनी पार्टी में भर्ती करना शुरू किया और 2019 के चुनाव में पार्टी के तपे-तपाये नेताओं को दरकिनार कर बाहर से लाये गये नेताओं को विधानसभा का टिकट दे दिया। ऐसे एक नहीं, पांच-पांच प्रयोग किये गये।

झारखंड भाजपा के भीतर की इस स्थिति से पार्टी के समर्पित और पुराने नेताओं-कार्यकर्ताओं में बेचैनी छा गयी। ऐसा नहीं है 2014 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बाद से पार्टी राजनीतिक मोर्चे पर सक्रिय नहीं रही, लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव में जब परिणाम आया, तो चुनाव में 56 का आंकड़ा पार करने का दंभ भरनेवाली भाजपा उसके आधे से भी कम पर सिमट गयी। खाते में आयी मात्र 25 सीट। उसके सबसे मजबूत माने जानेवाले नेता और मुख्यमंत्री रघुवर दास तक चुनाव हार गये। बता दें कि भाजपा ने कद्दावर नेता सरयू राय तक का टिकट काट दिया। इसका खामियाजा यह हुआ कि जिस भाजपा ने सरयू राय को चुनाव जीतने लायक नहीं माना था, उन्होंने भाजपा के सबसे कद्दावर नेता रघुवर दास को चुनाव में पटकनी दे दी। भाजपा ने 2014 में पहली बार आजसू की मदद से झारखंड में पूर्ण बहुमत हासिल किया था। उस समय पार्टी ने गैर-आदिवासी चेहरे पर दांव लगाया था और यह उदघोषणा भी की थी कि इस बार 56 पार होगा। इसके लिए पार्टी ने अजीब से प्रयोग किये। अति उत्साह में भाजपा ने आजसू से समझौता नहीं किया। भाजपा को यह लगने लगा था कि आजसू अपनी ताकत से कहीं ज्यादा सीटें मांग रही है। उसने उससे दूरी बना ली। यही नहीं, उसने दल के नेताओं को नजरअंदाज कर दूसरे दलों खासकर कांग्रेस और झामुमो से उम्मीदवार उतार कर यह दंभ भरने लगी कि यहां से वह विपक्ष का पूरी तरह से सफाया कर देगी। उसने आजसू को सबक सिखाने के उद्देश्य से ही एक-एक कर आजसू की प्रभावी सीटों पर उम्मीदवार उतार दिया। आजसू को धूल चटाने के लिए उसने लोहरदगा से कांग्रेस के कद्दावर नेता सुखदेव भगत को पार्टी में शामिल करा लिया और उन्हें टिकट दे दिया। बरही में उमाशंकर अकेला को टिकट न देने के अपने फैसले पर मुहर लगाने के उद्देश्य से उसने कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे मनोज यादव को बरही से चुनाव मैदान में उतार दिया। संथाल में झामुमो को चुनौती देने और सोरेन परिवार का विकल्प खड़ा करने के ध्येय से झामुमो के कद्दावर नेता रहे हेमलाल मुर्मू को अपनी ओर मिला लिया। भवनाथपुर से भानुप्रताप शाही और छतरपुर से कांग्रेस नेता राधाकृष्ण किशोर को टिकट दे दिया। घाटशिला में भी उसने झामुमो विधायक कुणाल षाड़ंगी पर दांव खेला और चुनाव में रामनामी चादर ओढ़ा दी। जब चुनाव परिणाम सामने आया, तो भाजपा चारों खाने चित्त नजर आयी। इसमें भानुप्रताप शाही को छोड़ कर उसके सारे सुरमा मैदान हार गये। 2019 के चुनाव परिणाम से यह स्पष्ट हो गया कि पार्टी का वह दांव ठीक नहीं था। 2019 के चुनाव में पार्टी की पराजय के पीछे तीन प्रमुख कारण रहे। बाद में समीक्षा के दौरान हार के कारणों में पहला कारण तो गैर आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाना रहा, जबकि दूसरा कारण पार्टी द्वारा दूसरे दलों के नेताओं को तरजीह देना और तीसरा कारण पुरानी सहयोगी आजसू पार्टी के साथ गठबंधन तोड़ना रहा।

2019 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने बड़े पैमाने पर दूसरे दलों के नेताओं को अपने खेमे में इसलिए शामिल कराया था कि वह फिर से न सिर्फ झारखंड की सत्ता पा सके, बल्कि यहां से विपक्ष और खासकर झामुमो और कांग्रेस का सफाया कर दे। लेकिन इनमें से चार नेताओं से भाजपा को सबसे बड़ी निराशा हाथ लगी। इनमें से चार प्रमुख नेताओं का उल्लेख यहां जरूरी लगता है। ऐसे पहले नेता थे सुखदेव भगत, जिन्हें कांग्रेस से लाया गया था। वह लोहरदगा के विधायक और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके थे। उनकी गिनती लोहरदगा में कद्दावर नेता के रूप में होती थी। वह अच्छा वक्ता भी थे। शिक्षित और शालीन होने के कारण उनकी अलग पहचान थी। भाजपा को यकीन था कि वह इस सीट को पार्टी की झोली में तो डालेंगे ही, उनके प्रभाव से पार्टी लोहरदगा-गुमला की आदिवासी सीटों खासकर लोहरदगा, गुमला, विशुनपुर, सिसई और नजदीकी सिमडेगा की सीट को भी अपनी झोली में डाल लेगी। लेकिन सुखदेव भगत चुनाव हार गये और पार्टी के भीतर भी अकेले रह गये। चुनाव हारने के बाद से ही वह भाजपा से दूरी बनाने लगे। बाद में वह अपने पुराने घर में लौट गये। इसी तरह बरही के मनोज यादव जब कांग्रेस में थे, तब उनका कद बहुत बड़ा था। उन्हें हजारीबाग और चतरा से लोकसभा का प्रमुख दावेदार भी माना जाने लगा था। भाजपा को यह भरोसा था कि मनोज यादव के आ जाने से वह झारखंड के यादव मतदाताओं को अपने पाले में कर लेगी और झारखंड से राजद का सफाया कर देगी। भाजपा ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया और उमाशंकर अकेला का टिकट काट कर उन्हें रामनामी चोला ओढ़ा दिया। उमाशंकर अकेला हताश मन से कांग्रेस में चले गये और उसके टिकट पर उतर कर उन्होंने ताकतवर नेता मनोज यादव को पटखनी दे दी। आज मनोज यादव हैं तो भाजपा में ही, लेकिन राजनीतिक फलक से लगभग गायब ही हो चुके हैं। कुछ इसी तरह की कहानी हेमलाल मुर्मू की रही है। भाजपा ने उन्हें रामनामी चादर ओढ़ा कर खूब प्रयोग किये। उन्हें उपचुनाव से लेकर जनरल चुनाव तक में टिकट दिया। पार्टी ने उन्हें दल में बड़े पद से भी नवाजा, उन्हें स्थापित करने के लिए हर मौका और हर दांव खेला, लेकिन वह झामुमो का कुछ भी नुकसान नहीं कर पाये। यहां तक कि भाजपा में वह गुमनाम से हो गये। लोकसभा सीट तो छोड़ ही दीजिए, विधानसभा का चुनाव भी नहीं जीत सके। अब मुर्मू भी समझ चुके हैं कि संथाल के मतदाता उन्हें रामनामी चादर में पसंद नहीं करते और वह घर वापसी के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। चौथे नेता कुणाल षाड़ंगी हैं, जो पांच साल तक झामुमो का चर्चित विधायक और हेमंत सोरेन का विश्वासपात्र रहने के बाद एन चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गये। पार्टी ने इन्हें टिकट भी दिया, लेकिन वह पुराने भाजपाई और झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के हाथों पराजित हो गये। यानी जिस समीर मोहंती को भाजपा चुनाव लड़ने के योग्य नहीं मान रही थी, उन्होंने कुणाल षाड़ंगी को धूल चटा दी। वह भी तब, जब उन्हें ताकत देने के लिए अमित शाह तक ने चुनावी सभा की थी। भाजपा से चूक यहीं हुई कि इसने अपने समर्पित कार्यकर्ताओं की जगह बाहर से आये इन नेताओं को ज्यादा तरजीह दी। पार्टी नेताओं को लगा कि बाहर से आये ये नेता सत्ता में उसकी वापसी में मदद करेंगे, लेकिन परिणाम इसके विपरीत हुआ। ये नेता न चुनाव जीत पाये और न संगठन में ही फिट हो पाये। उलटे पार्टी के तपे-तपाये नेता निराश हो गये।

इसलिए अब भी समय है कि झारखंड भाजपा अपनी गाड़ी को तेजी से दौड़ाने के लिए बाहर के पार्ट-पुर्जों की जगह अपनी फैक्टरी में तैयार पार्ट-पुर्जों का इस्तेमाल करे। यदि उसे 2024 का लोकसभा चुनाव और छह महीने बाद होनेवाला विधानसभा चुनाव में सफलता पानी है, तो पार्टी को उधार के प्लेयर की जगह अपने तपे-तपाये कार्यकर्ताओं पर ही दांव खेलने की रणनीति पर नये सिरे से विचार करना होगा। पार्टी के भीतर पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं के संशय को दूर करते हुए उन्हें तरजीह देनी होगी। भाजपा को यह याद रहना चाहिए कि अगर कभी केंद्र में दो सीट से सत्ता तक पहुंची है, तो इसके पीछे उसके तपे-तपाये नेता-कार्यकर्ताओं की ही भूमिका रही है, दूसरे दल को तोड़ने की उसकी चाल फिट नहीं बैठ रही है। दूसरे दल के नेताओं में अधिकांश उसकी मशीन में फिट नहीं हो पायेंगे।

---

### झारखंड पुलिस ने सीबीआइ को लिखा पत्र

# विदेश में गैंगस्टर प्रिंस खान : रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** धनबाद सोशल मीडिया पर धमकी भरे वीडियो अपलोड करने वाला, खुलेआम पुलिस को चुनौती देने वाला धनबाद का मोस्ट वांटेड गैंगस्टर प्रिंस खान विदेश से अपना गिरोह चलाता है। अब प्रिंस खान के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी है। सीबीआइ ने इस फैसले के लिए झारखंड पुलिस से प्रस्ताव मांगा है। प्रिंस खान के बारे में झारखंड एटीएस को जानकारी मिली की वह नेपाल के रास्ते विदेश भागा है। उसके किसी खाड़ी देश या किसी इस्लामिक देश में होने की सूचना है।



## झारखंड पुलिस ने सीबीआइ को लिखी चिट्ठी

इस संबंध में झारखंड पुलिस ने सीबीआइ को चिट्ठी लिखी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने राज्य पुलिस से रेड या ब्लू कार्नर नोटिस करने के लिए प्रस्ताव भेजने के लिए कहा है। अगर झारखंड पुलिस अपना कदम आगे बढ़ाती है और प्रिंस खान के खिलाफ रेड या ब्लू कार्नर नोटिस जारी कर देती है तो इंटरपोल भी प्रिंस खान के खिलाफ रेड या ब्लू कार्नर नोटिस जारी करेगा। इसके बाद प्रिंस खान पर कार्रवाई की जा सकेगी।

## फर्जी नाम से बना है पासपोर्ट

प्रिंस ने धनबाद के बैंक मोड़ इलाके से ही हैदर अली नाम से एक फर्जी पासपार्ट बनावाया। पासपोर्ट को धनबाद के बैंक मोड़ थाने की पुलिस ने सत्यापित किया और पासपोर्ट बनने के बाद टूरिस्ट वीजा लेकर प्रिंस खान फरार हो गया। विदेश भागने की जानकारी प्रिंस खान की तलाश और कई गुर्गों से पूछताछ के बाद पुलिस को मिली। नवंबर 2021 में नन्हें खान की हत्या के बाद से ही प्रिंस अंडरग्राउंड था और विदेश भागने के फिराक में था।

## जल्द भारत लाया जा सकता है

अगर प्रिंस खान के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी होता है तो वह विदेश में भी सुरक्षित नहीं रह सकेगा। प्रिंस खान के लोकेशन के आधार पर तलाश के बाद उसकी प्रोविजनल गिरफ्तारी संभव है। रेड कार्नर नोटिस में अपराधी की पहचान से जुड़ी जानकारी होती है। साथ ही उसके अपराधों की जानकारी भी एजेंसी को देनी होती है। इसके बाद एक प्रक्रिया पूरी करके उसे भारत वापस लाया जा सकता है।

---

### साहिबगंज में हेडमास्टर की सनक

# शिक्षक ने मार-मार कर छात्र का तोड़ दिया हाथ

> छात्र की गलती बस इतनी थी कि उसने स्कूल के एक बंद कमरे का ताला तोड़ दिया था


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय सुरंगा के प्रधानाध्यापक रवींद्र कुमार शर्मा ने 25 मार्च को क्रिकेट स्टंप से मारकर स्कूल के कक्षा आठ के छात्र भरत साहा का बायां हाथ तोड़ दिया।

शुक्रवार को छात्र के स्वजनों व ग्रामीणों ने स्कूल में पहुंचकर हंगामा किया तब लोगों को मामले की जानकारी मिली। भरत साहा के पिता रवींद्र साहा ने बताया कि उसके बेटे ने 24 मार्च को स्कूल भवन के बंद पड़े एक कमरे का ताला तोड़ दिया था।

## हेडमास्टर ने कही थी इलाज कराने की बात

इसके अगले दिन शनिवार को स्कूल के प्रधानाध्यापक रवींद्र कुमार शर्मा स्कूल पहुंचे तो उन्हें इस बात की जानकारी मिली। इसके बाद भरत साहा को बुलाया और क्रिकेट स्टंप से मारने लगे। इतना मारा कि हाथ टूट गया।



घटना के बाद शिक्षक ने इलाज में होने वाला खर्च देने की बात कही, जिसके बाद मामला रफा-दफा हो गया, लेकिन उसके अगले दिन से शिक्षक ने स्कूल ही आना बंद कर दिया। सात दिन बीत जाने के बाद भी जब शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचा तो ग्रामीण और स्वजन शुक्रवार को स्कूल पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की खबर मिलते ही बीइओ जलेश्वर साहा स्कूल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। छात्र भरत साहा और उसके स्वजन से बात की। भरत साहा की बात वीडियो कॉल से डीइओ से भी करायी। बीइओ जलेश्वर साहा ने बताया कि मामला सत्य पाया गया। बिना सूचना दिये शिक्षक स्कूल से 25 मार्च से लगातार गायब भी हैं। उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं है। उन्होंने सख्त कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार कर डीएसइ को भेजने की बात कही।

---

# रांची के बाद देवघर में होगा जी-20 शिखर सम्मेलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के बाद अब देवघर में जी-20 शिखर सम्मेलन मई के पहले सप्ताह में होगा। सम्मेलन के क्रम में मैहर गार्डन और जसीडीह सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क में कई इवेंट होंगे। संथाल परगना में आइटी सेक्टर में निवेश पर प्रजेंटेशन होगा। डिजिटल इंडिया के तहत ग्रास रूट पर बिजनेस और सर्विस के साथ रोजगार के अवसर पर कई प्रजेंटेशन होंगे। साथ ही देवघर से देश भर में हवाई मार्ग और रेल मार्ग की कनेक्टिविटी की सुविधा और पर्यटन उद्योग की संभावनाओं पर चर्चा होगी।

मई के प्रथम सप्ताह में देवघर में होनेवाले इस सम्मेलन की संभावना को देखते हुए सॉफ्टवेयर टेक्लोनॉजी पार्क के बिहार, झारखंड और ओड़िशा जोन के डायरेक्टर सूर्यकुमार पटनायक और ज्वाइंट डायरेक्टर जगरनाथ उरांव अप्रैल के प्रथम सप्ताह में देवघर आ सकते हैं। अधिकारियों की टीम मैहर गार्डन और जसीडीह सॉफ्टवेयर टेक्लोनॉजी पार्क का जायजा लेगी।

मैहर गार्डन और जसीडीह सॉफ्टवेयर टेक्लोनॉजी पार्क जानेवाली सड़क का सौंदर्यीकरण और रंग-रोगन कराया जा रहा है। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के प्रस्ताव पर देवघर में होनेवाले इस जी-20 सम्मेलन की थीम डिजिटल इंडिया होगा। सम्मेलन में 15 देशों के डेलीगेट्स हिस्सा लेंगे। इसमें अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन समेत यूरोप के अन्य देशों के डेलीगेट्स हिस्सा लेंगे।

देवघर में जी-20 सम्मेलन को लेकर दिल्ली में सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इसकी विभागीय तैयारी की समीक्षा की गयी। बैठक में देवघर में सम्मेलन के दौरान होनेवाले इवेंट का प्रजेंटेशन भी किया गया।

## स्कूटी से ड्यूटी जा रही महिला आरपीएफ जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

**पश्चिमी सिंहभूम (आजाद सिपाही)।** चक्रधरपुर-चाइबासा मुख्य मार्ग एनएच 75 पर उलीडीह पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार को भारी वाहन की चपेट में आने से महिला आरपीएफ जवान गोपा तियु (45) की मौत हो गयी। वह स्कूटी से ड्यूटी जाने के दौरान दुर्घटना की शिकार हो गयीं। जानकारी के अनुसार पोटका निवासी रेलवे सुरक्षा बल की महिला जवान गोपा तियु आरपीएफ चाइबासा में तैनात थीं। वह रोजाना की तरह शुक्रवार की सुबह भी स्कूटी से चाइबासा ड्यूटी करने के लिए जा रही थीं। चक्रधरपुर-चाइबासा मुख्य मार्ग एनएच 75 ई उलीडीह के पास पेट्रोल पंप के समीप भारी वाहन ने स्कूटी को रौंद दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गयीं। चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसके परिजन एंबुलेंस से जमशेदपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी-

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 30.0 °c | 19.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.43 बजे |



**पहल : हेमंत सरकार तैयार कर रही पोर्टल**

# शिक्षकों की ऑनलाइन होगी ट्रांसफर-पोस्टिंग

**अंतर जिला स्थानांतरण से लेकर जिले में ही मनचाही पोस्टिंग के लिए शिक्षक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सरकारी प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग अब ऑनलाइन होगी। इसको लेकर सरकार के स्तर पर एक पोर्टल तैयार किया जा रहा है। इसमें अंतर जिला स्थानांतरण से लेकर जिले में ही मनचाही पोस्टिंग के लिए शिक्षक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उनके आवेदन पर विचार करने के बाद उनके जोनवार अंक के आधार पर उन्हें एक स्कूल से दूसरे स्कूल में पोस्टिंग की जायेगी। इसमें अलग-अलग केटेगरी तैयार की गयी है। महिलाओं के साथ ही असाध्य रोग से ग्रसित शिक्षकों को वरीयता दी जायेगी।

### लाइव ट्रेनिंग सेशन का हो रहा आयोजन

पोर्टल पर आवेदन करने से लेकर किस प्रकार शिक्षकों का स्थानांतरण होगा, इसे समझाने के लिए टीचर ट्रांसफर पोर्टल के माध्यम से स्थानांतरण के लिए लाइव ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया जा रहा है। यह ट्रेनिंग सेशन झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल के माध्यम से 1 अप्रैल को शाम चार बजे से शाम पांच बजे तक होगा।

### विभाग ने जारी किया लिंक

विभाग की ओर इसका लिंक भी सभी जिलों को शेयर किया गया है। इस ट्रेनिंग सेशन में राज्य के सभी डीइओ, डीएसइ, आरडीडीइ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रिंसिपल और शिक्षकों को शामिल होने को कहा गया है।

### वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई करने वाले सभी विद्यार्थियों का होगा सर्वे

राज्य के कुल 446 हाइस्कूल और प्लस टू स्कूलों में विद्यार्थियों को वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई करवायी जाती है। इसमें विद्यार्थियों को किस प्रकार का फायदा हो रहा है, इसको लेकर 20 अप्रैल तक उक्त सभी विद्यार्थियों का सर्वे कराया जायेगा। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विद्यार्थियों का सर्वे वेबसाइट https://harkhand. light-house.net.in/login एवं मोबाइल बेस्ड एप्लिकेशन के जरिये होगा। इसमें सभी 100 फीसदी विद्यार्थियों को शामिल होने को कहा गया है।

# नगर परिषद सिमडेगा ने मशाल मार्च का किया सफल आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा के डेएनयूएलएम के एसएसजी ग्रुप की लगभग आठ सौ दीदियों ने भाग लिया**

**सिमडोगा।** नगर परिषद सिमडेगा द्वारा स्वच्छ उत्सव का समापन रैली मशाल मार्च के रूप में आयोजित किया गया। मशाल मार्च की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू और अनुमंडल पधाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी सिमडेगा द्वारा की गयी। मशाल मार्च में नगर परिषद के वार्ड पार्षदगण, परीक्ष्यान कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक और अन्य कर्मी के साथ नगर परिषद सिमडेगा के डेएनयूएलएम के एसएसजी ग्रुप की लगभग आठ सौ दीदियों ने भाग लिया। मशाल मार्च के साथ शहर में अवस्थित वीरांगनाओं की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया, जिसमें विशेष रूप से रानी लक्ष्मीबाई और रानी दुर्गावती की प्रतिमा सम्मिलित थी। मशाल मार्च का समापन परमवीर अल्बर्ट एक्का ग्राउंड में घेरा बना कर और मसाल के साथ मोमबत्ती जला कर किया गया। स्वच्छता का प्रतीक चिह्न यह मशाल लोगों के दिलों में स्वच्छता के प्रति चेतना एवं शहर को साफ सफाई रखने की निष्ठा को दर्शाता है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

**वृष** प्रेम-प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**मिथुन** व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ होगा।

**कर्क** अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी।

**सिंह** धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

**कन्या** संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला** कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी।

**वृश्चिक** जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी

**धनु** सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

**मकर** कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

**कुंभ** जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझनें दूर होंगी।

**मीन** कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

**100 करोड़ का मिड डे मील घोटाला मामला**

# संजय तिवारी ने नहीं किया सरेंडर, इडी कोर्ट से वारंट जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रोविजनल बेल की अवधि खत्म होने के बाद हाजिर नहीं हो रहा था संजय तिवारी**

**रांची।** इडी ने मिड डे मील घोटाले के आरोपी संजय तिवारी के खिलाफ वारंट जारी करने के लिए कोर्ट में आवेदन दिया था, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अब संजय तिवारी के खिलाफ वारंट जारी हो गया है।

जानकारी के मुताबिक, संजय तिवारी को पिछले सप्ताह ही कोर्ट के समक्ष सरेंडर करना था, लेकिन उसने अब तक सरेंडर नहीं किया है, जिसके बाद इडी ने संजय तिवारी के खिलाफ वारंट जारी करने की मांग की। कोर्ट ने इडी का पक्ष सुनने के बाद संजय तिवारी के खिलाफ वारंट जारी कर दिया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने संजय तिवारी को प्रोविजनल बेल दी थी, जिसकी अवधि खत्म हो गयी है।

मिड डे मील के करीब 100 करोड़ रुपये एसबीआइ धुर्वा ब्रांच से भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित कर दिये गये थे। इसे लेकर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। बाद में मामले की जांच सीबीआइ ने अपने हाथ ले ली। वर्ष 2021 में इडी ने कांड संख्या इसीआइआर 3/2021 दर्ज कर केस टेकअप किया है। इस मामले में बैंक के अफसरों की भी संलिप्तता थी। बैंक के दो अफसरों को निलंबित कर दिया गया था। संजय तिवारी के साथ राजू वर्मा और सुरेश कुमार भी इस केस में अभियुक्त हैं।

# कई जनजातीय समुदाय खतियान में हुई त्रुटि के कारण अनुसूचित जनजाति के लाभ से हैं वंचित : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड राज्य की कई अनुसूचित जनजाति जैसे भुईंहर मुंडा, लोहरा लोहार, करमाली, खूंटकटी मुंडा, कंपाट मुंडा, चीक बड़ाइक जैसे जनजातीय समुदाय को खतियान में हुई लिपिकीय त्रुटि और अधिकारियों की असंवेदनशीलता के कारण जनजातीय समुदाय को जाति प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें उनका संवैधानिक अधिकार नहीं मिल पा रहा है। उक्त बातें श्री तिर्की ने कांग्रेस भवन रांची में शुक्रवार को पत्रकारों से कहीं। इस मौके पर प्रदेश महासचिव अमूल्य नीरज खलखो और राकेश सिन्हा, बेलस तिर्की मौजूद थे।

### सिर्फ आदिवासियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रही है भाजपा

श्री तिकी ने कहा कि आदिवासी के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा अभी तक खामोश है। जबकि केंद्र में उसकी सरकार है। उन्होंने कहा कि यह साफ प्रतीत होता है कि भाजपा सिर्फ आदिवासियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रही है, लेकिन अब भाजपा से इस्तेमाल नहीं होगी। झारखंड में अधिसूचित अनुसूचित जनजातियों की सूची की यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विसंगति है। जिसे अविलंब सुधारने की जरूरत है। त्रुटिपूर्ण प्रतिवेदन के कारण भुईंहर मुंडा एवं भुईंहर को अगड़ी जाति में शामिल कर लिया गया। श्री तिर्की ने कहा कि ताजा मामला मुंडा जनजाति की पहली उपजाति भुईंहर मुंडा से जुड़ा है। केंद्र सरकार की जनजातियों मामले से संबंधित मंत्रालय के संबद्ध अधिकारियों के कुछेक असमंजस, संवादहीनता या फिर त्रुटिपूर्ण प्रतिवेदन के कारण मुंडा जनजाति की उपजाति भुईंहर मुंडा एवं भुईंहर को अगड़ी जाति में शामिल कर लिया गया और उसे बिहार की भूमिहार ब्राह्मण जाति से जोड़ कर देखा जाने लगा। जो कि असंगत एवं गलत होने के साथ ही व्यवहारिक एवं तथ्यात्मक दृष्टिकोण से भी उपेक्षापूर्ण स्थिति में है।

### शब्दों के मकड़जाल में फंस कर रह गयी है इनकी पहचान

उन्होंने कहा कि मुंडा जनजाति के तीन लाख से ज्यादा लोग विशेष कर सिमडेगा, गुमला, लातेहार, गढ़वा और पलामू जिले में निवास करते हैं, लेकिन झारखंड में अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल नहीं होने के कारण भुईंहर मुंडा एवं भुईंहर समाज के लोगों की पहचान धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। अब ये लोग सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी बहुत ही उपेक्षापूर्ण स्थिति में हैं। दिलचस्प बात यह है कि सिमडेगा में भुईंहर मुंडा और भुईंहर जनजाति के लोग ही पाहन हैं और उनकी जमीन भुईंहरी जमीन के रूप में जानी जाती है पर ये अनुसूचित जनजाति में शामिल नहीं है। इस जनजाति के लोग देश के अनेक प्रदेशों में आदिकाल से निवास कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र मध्यप्रदेश जैसे प्रदेशों में इन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त है परंतु झारखंड में मुंडा जनजाति के उपजाति भुईंहर मुंडा एवं भुईंहर की एक बड़ी आबादी होने के बावजूद इनकी पहचान, गरिमा, सम्मान एवं इनका अस्तित्व शब्दों के मकड़जाल में फंस कर रह गया है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी पत्र लिखा है

श्री तिर्की ने कहा कि इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी पत्र लिखकर भुईंहर मुंडा एवं भुईंहर की अनुसूचित जनजाति में शामिल करवाने के लिए न्यायमूर्ति लुकुर कमेटी के प्रतिवेदन व दिशानिर्देशों के अनुरूप विस्तृत आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण करवाने एवं उसका प्रतिवेदन भारत सरकार के रजिस्ट्रार जनरल को भेजने के लिए अनुरोध किया है, क्योंकि अनुसूचित जनजाति में शामिल करवाने के लिए यह अनिवार्य शर्त है।

पूर्व तट रेलवे

फाइल नं.DRM/Engg/KUR/22-23/ E-Tender/175, दिनांक : 28.03.2023

(1) निविदा सं.etender-South-KUR-485-2022, दिनांक : 23.03.2023

विवरण: अमृत भारत योजना से संबंधित खोरधा रोड मण्डल के छत्रपुर रेलवे स्टेशन में सभी प्लेटफॉर्म को जोड़ने वाली 12.0mtr चौड़ाई युक्त फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रस्तावित निर्माण।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में): 903.99 लाख, EMD (रुपये में): 6,02,000/-।

(2) निविदा सं.etender-South-KUR-486-2022, दिनांक : 23.03.2023

विवरण: अमृत भारत योजना से संबंधित खोरधा रोड मण्डल के पलासा रेलवे स्टेशन में सभी प्लेटफॉर्म को जोड़ने वाली 12.0mtr चौड़ाई युक्त फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रस्तावित निर्माण।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में): 928.13 लाख, EMD (रुपये में): 6,14,100/-।

(3) निविदा सं.etender-CENT-KUR-487-2022, दिनांक : 24.03.2023

विवरण: खोरधा रोड मण्डल के मेरामण्डली रेलवे स्टेशन का प्रस्तावित उन्नयन।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में): 475.02 लाख, EMD (रुपये में): 3,87,500/-।

पूरा होने की अवधि: 08(आठ) महीने (क्रम सं.1 एवं 2 हेतु), 06(छः) महीने (क्रम सं.3 हेतु)।

निविदा बंद होने की तिथि व समय: दिनांक 14.04.2023 को 1500 बजे (सभी निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 10(दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक(इंजीनियरिंग)/ खोरधा रोड

PR-1124/N/22-23

**मूलवासी सदान मोर्चा ने संथाल परगना बंद को दिया समर्थन**

# नियोजन नीति बने, उसके बाद हो कोई नियुक्ति : राजेंद्र प्रसाद

**दुमका में ओबीसी आरक्षण को लेकर मशाल जुलूस में मोर्चा होगा शामिल**


आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को रांची के होटल गंगा आश्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में खतियान आधारित नियोजन नीति बनाने और 60-40 की नीति को रद्द करने को लेकर 1 अप्रैल को छात्र समन्वय समिति के द्वारा संथाल परगना बंद के आह्वान को मूलवासी सदान मोर्चा ने समर्थन देने का निर्णय लिया। साथ ही मोर्चा के लोगों को सड़क पर उतरने को कहा है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ओबीसी का आरक्षण दुमका में शून्य किये जाने के विरोध में ओबीसी के विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा दुमका में 4 अप्रैल को नुक्कड़ सभा और 5 अप्रैल को मशाल जुलूस गांधी मैदान से तीन बाजार चौक तक निकाला जायेगा। 6 अप्रैल को काला बिल्ला लगा कर पिछड़ा वर्ग के सामाजिक संगठनों के द्वारा सामाजिक न्याय मार्च निकाला जायेगा। इसमें मूलवासी सदान मोर्चा शामिल होगा। इसके लिए मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने संथाल परगना के प्रभारी और मोर्चा के महासचिव रंजीत जयसवाल को जिम्मेदारी सौंपी है। प्रसाद ने बैठक में कहा कि खतियान आधारित नियोजन नीति को लेकर लंबे समय से राज्य बनने के साथ ही मूलवासी सदान मोर्चा ने ईमानदारी पूर्वक लड़ाई लड़ी है। इसी कड़ी के तहत संथाल परगना बंद को आज समर्थन देने का निर्णय लिया गया है। प्रसाद ने यह भी कहा कि ओबीसी के साथ भेदभाव हो रहा है सात जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य करना असंवैधानिक है। बैठक में प्रो अरविंद प्रसाद, डॉ अमित कुमार, प्रो अमर गोप, विशाल कुमार सिंह, अमित साहू, कुमार महेंद्र ठाकुर, हरीश ठाकुर, प्रियंका कुमारी, विकास गोप,शाहीन नाज, आरजू आर्या, हीरामणि, अनिमा प्रसाद, शकीला खातून चंदन कुमार, विशाल साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# जमशेदपुर में मिला कोरोना संक्रमित मरीज

आजाद सिपाही संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के मानगो इलाके का रहनेवाला 30 वर्षीय युवक कोरोना संक्रमित पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि पुराने संक्रमितों को ज्यादा संयमित रहने की जरूरत है। क्योंकि ज्यादातर मामलों में पुराने मरीजों में वही पुराने लक्षण सामने आ रहे हैं, जिससे खतरा बढ़ रहा है। बढ़ते मामले को देखते हुए ज्यादा सतर्कता बरतने की अपील की गयी है। इस नये आंकड़े के साथ ही जिले में कोरोना संक्रमण के मरीजों की संख्या 12 पहुंच गयी है। इन सभी का इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में ही चल रहा है। जिले में इंफ्लुएंजा के नये वायरस एच3एन2 के पांच मरीजों की पुष्टि अब तक हो चुकी है। रामनवमी के बाद स्वास्थ्य विभाग अब जांच अभियान तेज कर रहा है।

इंफ्लुएंजा से संक्रमित चारों मरीजों का ब्लड सैंपल लेकर जिला सर्विलांस विभाग ने जांच के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजा है। मौसम के बदले मिजाज का असर भी लोगों में है। राज्य भर में सर्दी, खासी और गले में दर्द की शिकायत बढ़ रही है।

JHARKHAND STATE OPEN UNIVERSITY
(Established by the Government of Jharkhand & Recognised as per Jharkhand Act, 12, 2021)
Address: - Jharkhand State Open University, Opp.Faculty of Forestry, Birsa Agriculture University, Kanke, Ranchi, Pin-834006, Email- registrarjsou@gmail.com, Ph.No.-8929006645

Short Tender Notice

Sealed Tenders are invited under two Bid System (Part-I: Technical Bid and Part-II: Financial Bid) from the Registered and reputed Printing Press/ Publishers for Printing, binding and supply of Course materials in the form of booklets to Jharkhand State Open University, Ranchi latest by 16/04/2023 up to 4:00 PM on usual terms and conditions of the University. Tender documents may be obtained from the office of the Registrar, Jharkhand State Open University, Ranchi on payment of Rs.2000/- (Two Thousand) only in the shape of Bank Draft (non-refundable) payable to the Registrar, Jharkhand State Open University, Ranchi from 03/04/2023 to 16/04/2023 during Office hours (11:00 AM to 04:00 PM). The last date for obtaining of the Tender documents will be 16/04/2023 The Technical Bids will be opened at 3.00 PM on 18/04/2023.

By order of the Vice-Chancellor
Registrar
Jharkhand State Open University, Ranchi

# डाक विभाग की बहाली में 80 फीसदी से ज्यादा सर्टिफिकेट फर्जी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरफ्तार आरोपी ने स्वीकार किया है कि झारखंड समेत कई राज्यों में होनेवाली बहाली में उसने फर्जीवाड़ा कराया है**

**जमशेदपुर।** डाक विभाग के झारखंड सर्किल में निकली बहाली की प्रारंभिक जांच में चौंकाने वाली जानकारी सामने आयी है। करीब 80 फीसदी से ज्यादा आवेदक के सर्टिफिकेट फर्जी मिले हैं। इस मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी भी हुई है। उसने स्वीकार किया है कि झारखंड समेत कई राज्यों में होनेवाली बहाली में उसने फर्जीवाड़ा कराया है। अब वहां की टीम उसको लेकर झारखंड आयेगी और यहां से इसका मिलान करायेगी। उसने बताया है कि वह फर्जी सर्टिफिकेट बनाने का काम वर्षों से कर रहा है। यह भी बताया गया है कि एक सिंडिकेट द्वारा इस तरह के दस्तावेज तैयार कराये गये थे।

### ओड़िशा से मनोज मिश्रा अरेस्ट

डाक विभाग के झारखंड सर्किल में निकली बहाली की चौंकाने वाली जानकारी सामने आयी है। बताया जा रहा है कि करीब 80 फीसदी से ज्यादा आवेदक के सर्टिफिकेट फर्जी मिले हैं। दूसरी ओर, ओड़िशा के भुवनेश्वर में बलांगीर पुलिस ने मनोज मिश्रा को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से झारखंड माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और अन्य यूनिवर्सिटी के सर्टिफिकेट बरामद किये गये हैं। उसने पूछताछ में इस बात की पुष्टि की है कि उसने गड़बड़ी झारखंड के अलावा ओड़िशा, उत्तरप्रदेश और बिहार सर्किल में होनेवाली बहाली में भी करायी है। लोगों को फर्जी सर्टिफिकेट बनवा कर दिये हैं।

### झारखंड आयेगी टीम

अब वहां की टीम उसको लेकर झारखंड आयेगी और यहां से इसका मिलान करायेगी। उसने बताया है कि वह फर्जी सर्टिफिकेट बनाने का काम वर्षों से कर रहा है। यह भी बताया गया है कि एक सिंडिकेट द्वारा इस तरह के दस्तावेज तैयार कराये गये थे। अब इसकी क्रास चेकिंग की जा रही है। वैसे इसकी आधिकारिक जानकारी डाक विभाग को भी भेज दी गयी है।

झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड
JSFC भवन, कडरू, मेन रोड, रांची - 834002

पत्रांक : 1296 | NIT | दिनांक : 31.03.2023

Short Tender Notice for Empanelment of Publishing agency, Audio video production, Broadcast Telecast in different media, Paper advertisement / Tender notice / Display notice / Booklet / etc. through e-tender followed by Reverse e-auction.

| | |
| --- | --- |
| Tender Ref No. | |
| Description | Empanelment of Publishing agency, Audio video production, Broadcast Telecast in different media, Paper advertisement / Tender notice / Display notice / Booklet / etc. |
| Tender start date | 01.04.2023 |
| Last date and time for submission of Tender | 12.04.2023 |
| Date and time for opening of tender | 13.04.2023, 3.00 P.M. |
| Website for downloading RFP Document, Corrigendum / addendums etc. | https://jhtenders.eproc.in |
| Tender Fees | Rs. 1000 in the Account of |
| EMD | Rs. 10000 in the Account of |
| Bank Details | Account Holder : Jharkhand State Food and Civil Supplies Corporation Limited. Bank Name : Indusind Bank, Account No. 100172871641 IFSC - INDB0000030 |

Managing Director (JSF&CSCL)

पत्रांक : 04/रा.खा.नि./विविध/2/2023-1297, रांची, दिनांक - 31.03.2023

# जयपुर सीरियल ब्लास्ट का कौन है असली दोषी

मई 2008 के जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामले में राजस्थान हाइकोर्ट का फैसला न केवल चौंकाता है, बल्कि कई अहम सवाल भी खड़े करता है। उन भीषण धमाकों में 71 लोगों की मौत हुई थी और 200 लोग घायल हुए थे। इस मामले में गिरफ्तार किये गये पांच लोगों में से चार को विशेष अदालत ने दिसंबर 2019 में फांसी की सजा सुनायी थी, जबकि एक शख्स को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। अब हाइकोर्ट ने इन चारों को बरी कर दिया है। उसके मुताबिक इनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं किये गये। पुलिस को लापरवाही का दोषी पाते हुए हाइकोर्ट ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने के निर्देश भी दिये हैं। उसकी इस बात से सहमति जतायी जा सकती है कि किसी भी मामले में साक्ष्यों की परख कड़ाई से की जानी चाहिए। लेकिन सवाल यह है कि साक्ष्यों की परख का पैमाना क्या हो? हाइकोर्ट ने कहा कि पुलिस ने लापरवाही बरती और ठोस अकाट्य सबूत नहीं जुटाये, लेकिन फांसी की सजा सुनाने वाली विशेष अदालत का कहना था कि ऐसे मामलों में चश्मदीद गवाहों का मिलना मुश्किल होता है। इसलिए परिस्थितियों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर फैसला दिया जा सकता है। तो सवाल तो उठता है कि ऐसे मामलों में परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर फैसला दिया जाना चाहिए या नहीं? दो भिन्न अदालतों के इतने अलग-अलग फैसले देख कर आम लोगों के मन में भी सवाल उठना लाजिमी है। यह कोई सामान्य बात तो नहीं कि जिन साक्ष्यों को एक अदालत ने फांसी जैसी सजा के लिए काफी माना, उन साक्ष्यों को दूसरी अदालत ने किसी भी सजा के लायक नहीं माना। उसने सबको बरी कर दिया। तो क्या पकड़े गये इन लोगों का सीरियल ब्लास्ट से कोई लेना-देना ही नहीं था? पुलिस ने निर्दोष लोगों को पकड़ लिया था? अगर ऐसा है, तो फिर वे कौन लोग थे, जिन्होंने सीरियल ब्लास्ट को सचमुच अंजाम दिया था? क्या वे अब भी खुले घूम रहे हैं? हर हाल में पुलिस तंत्र और न्याय व्यवस्था को कड़े सवालों का सामना करना ही पड़ेगा। गौर करने की बात है कि यह कोई अकेला मामला नहीं है। बम धमाकों और आतंकी हमलों से जुड़े कई मामलों में पकड़े गये लोग ऊपरी अदालतों से छूटते रहे हैं। ऐसे में इस मामले को एक नजीर की तरह लेते हुए यह देखना जरूरी है कि आखिर गड़बड़ी कहां हो रही है? क्या पुलिस दोषियों को पकड़ने में आवश्यक सावधानी नहीं बरत रही या उनके खिलाफ सबूत जुटाने में लापरवाही हो रही है या फिर साक्ष्यों को परखने की प्रक्रिया में ही ऐसी कसौटियां अपनायी जा रही हैं, जो व्यावहारिक नहीं हैं? उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट में इन तमाम पहलुओं पर न सिर्फ बारीकी से विचार होगा, बल्कि व्यावहारिक राह भी निकाली जायेगी।

**गौर करने की बात है कि यह कोई अकेला मामला नहीं है। बम धमाकों और आतंकी हमलों से जुड़े कई मामलों में पकड़े गये लोग ऊपरी अदालतों से छूटते रहे हैं। ऐसे में इस मामले को एक नजीर की तरह लेते हुए यह देखना जरूरी है कि आखिर गड़बड़ी कहां हो रही है?**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि 23.4 मिलियन हेक्टेयर है। इन क्षेत्रों में वनोपज, विशेषकर लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के व्यावसायिक निष्कर्षण पर प्रतिबंध या रोक लगाने के पीछे कुछ तर्क हैं। हालांकि आर्थिक विकास, पर्यावरण, इकोलॉजी और स्थिरता से संबंधित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए इस वन क्षेत्र के बाहर वानिकी और पेड़ उगाने को प्रोत्साहित करने की काफी संभावनाएं हैं।**

# कृषि-वानिकी के क्षेत्र में क्रांति हेतु वन संरक्षण अधिनियम एवं विनियमों में उदारीकरण की प्रक्रिया

**डॉ रमेश चंद**



वानिकी, कृषि और संबद्ध क्षेत्रों का एक अंग है। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में चार खंड शामिल हैं-फसलें, पशुधन, मात्स्यकी और वानिकी। इन चार खंडों में से पहले तीन खंड हरित क्रांति, श्वेत क्रांति और नीली क्रांति आदि जैसी क्रांतियों के गवाह रहे हैं। इन क्रांतियों के कारण पिछले 50 वर्षों के दौरान इन क्षेत्रों के उत्पादन में 3.05 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि हुई। जबकि वानिकी के उत्पादन में प्रति वर्ष महज 0.54 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई। वानिकी क्षेत्र की यह वृद्धि जनसंख्या में होने वाली वृद्धि दर का एक तिहाई भी नहीं है। आर्थिक और इकोलॉजी की दृष्टि से इसके बेहद गंभीर नतीजे हुए। देश में उत्पादित लकड़ी एवं लकड़ी के उत्पादों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में भारी गिरावट आई और भारत को लकड़ी व लकड़ी के उत्पादों की घरेलू मांग के बड़े हिस्से को आयात के माध्यम से पूरा करना पड़ा।

वानिकी में मामूली वृद्धि का सीधा अर्थ पर्यावरण और इकोलॉजी के अनुकूल उत्पादन में कम वृद्धि भी है। कार्बन प्रच्छादन, जल संतुलन और प्राकृतिक इकोसिस्टम के सेहत की दृष्टि से इसके दूरगामी प्रभाव हैं। वानिकी का उत्पादन तीन स्रोतों पर निर्भर है। ये स्रोत हैं- सार्वजनिक वन, निजी स्वामित्व वाली भूमि और केंद्र एवं राज्यों, पंचायतों, समुदायों आदि के स्वामित्व वाली अन्य प्रकार की भूमि। विभिन्न कारणों से लकड़ी एवं लकड़ी आधारित उत्पादों के निष्कर्षण और लकड़ी आधारित उद्योग की स्थापना की प्रक्रिया वन संरक्षण अधिनियमों तथा विभिन्न विनियमों द्वारा कड़ाई से विनियमित की जाती है। भारत में वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि 23.4 मिलियन हेक्टेयर है। इन क्षेत्रों में वनोपज, विशेषकर लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के व्यावसायिक निष्कर्षण पर प्रतिबंध या रोक लगाने के पीछे कुछ तर्क हैं। हालांकि आर्थिक विकास, पर्यावरण, इकोलॉजी और स्थिरता से संबंधित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए इस वन क्षेत्र के बाहर वानिकी और पेड़ उगाने को प्रोत्साहित करने की काफी संभावनाएं हैं। सबसे बड़ी संभावना कृषि भूमि पर है, जहां कृषि वानिकी को अपना कर इस दिशा में बढ़ा जा सकता है। कुल कृषि योग्य भूमि में से 26 मिलियन हेक्टेयर भूमि परती पड़ी रहती है। यह देश में वनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि से अधिक है। भारत में 12 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य बंजर भूमि भी उपलब्ध है। परती भूमि, कृषि योग्य बंजर भूमि और खेत की सीमाओं पर पेड़ उगाने की अपार संभावनाएं हैं।

**भारत में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए देश में पेड़ों की कटाई और पेड़ों के उत्पादों की आवाजाही को प्रतिबंध से पूरी तरह मुक्त बनाने की भी आवश्यकता है।**

वर्तमान में, वानिकी वृक्षारोपण के तहत निजी गैर-वन भूमि के बहुत छोटे से हिस्से को कवर किया जाता है और वहां पेड़ों की अधिकांश प्रजातियां नैसर्गिक रूप से ही उगती हैं। वे लकड़ी की घरेलू मांग को पूरा करने की दृष्टि से पर्याप्त नहीं हैं। इसके परिणामस्वरूप भारत बड़ी मात्रा में लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों का आयात कर रहा है। इस आयात में 2018-19 तक वृद्धि का रुझान दिखाई देता रहा है। वर्ष 2018-19 के दौरान लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों का आयात 6126 मिलियन अमेरिकी डॉलर या 42841 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था।

वृक्षारोपण और कृषि-वानिकी में बहुत कम रुचि होने के पीछे के कारणों के गहन परीक्षण की आवश्यकता है। देश में लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों की मांग में कोई कमी नहीं आयी है। इनकी मांग बढ़ने से कीमतें दिनों-दिन बढ़ रही हैं और इनका आयात भी बढ़ रहा है। कुछ वर्ष पहले तक वन क्षेत्र से बाहर निजी भूमि पर उगने वाले पेड़ों की कटाई पर सख्त प्रतिबंध था। एक राज्य से दूसरे राज्य में उन्हें ले जाने के लिए ट्रांजिट परमिट की आवश्यकता होती थी। इससे निजी भूमि पर प्राकृतिक रूप से उगने वाले पेड़ों का अस्तित्व जोखिम में पड़ गया, क्योंकि भूमि के मालिकों को ऐसे पेड़ों को बेचने की अनुमति प्राप्त करने के लिए बोझिल और जटिल प्रक्रियाओं का अनुसरण करना पड़ता था। इस बीच देश में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय वन नीति 1988 और राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति 2014 लागू की गयी। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 18 नवंबर, 2014 को राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को वन क्षेत्र से बाहर निजी भूमि पर उगाई जाने वाली वृक्ष प्रजातियों के लिए कटाई और पारगमन नियमन के लिए नये दिशा-निर्देश जारी किये। इन दिशा निर्देशों में पेड़ों की कटाई के लिए किसी भी प्रतिबंध से मुक्त प्रजातियों की सूची और निजी भूमि पर उगने वाले वृक्षों की प्रजातियों के लिए उदार पारगमन नियम का स्पष्ट उल्लेख किया गया। इसके बाद, इस मामले को नीति आयोग द्वारा कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित सुधारों के एक भाग के रूप में राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों के समक्ष उठाया गया। कुछ राज्यों ने केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए अपनी ओर से अधिसूचनाएं जारी कीं। किंतु, अधिकांश राज्यों में इनका सक्रियतापूर्वक अनुपालन नहीं किया गया।

निजी भूमि पर उगाये गये पेड़ों की कटाई और पारगमन पर प्रतिबंधों को सीमित तौर पर उदार बनाये जाने से वानिकी के उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के आयात में काफी कमी हुई। निजी भूमि पर उगायी जाने वाली वृक्ष प्रजातियों की कटाई पर प्रतिबंध में छूट की अधिसूचना के एक साल बाद, वन क्षेत्र का उत्पादन लगातार तीन वर्षों के लिए 5 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। 1950-51 से ऐसा कभी नहीं हुआ। इसी तरह, 2014-15 के बाद दो वर्षों के दौरान लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के आयात में 5 प्रतिशत की गिरावट आयी और उसके बाद की अवधि में आयात में वृद्धि होने के बजाय उतार-चढ़ाव होता रहा।

स्थानीय रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि देश में कुछ इलाकों में चिनार जैसी कृषि वानिकी प्रजातियों के रकबे में काफी वृद्धि हुई है। हालांकि, पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध हटाने की जानकारी देश के बड़े हिस्से में नहीं पहुंच पायी है। इस जानकारी को गांव के स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। भारत में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए देश में पेड़ों की कटाई और पेड़ों के उत्पादों की आवाजाही को प्रतिबंध से पूरी तरह मुक्त बनाने की भी आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी के वर्तमान समय में, उत्पाद की आपूर्ति के स्रोतों, यानी- भूमि या निजी भूमि - का पता लगाने के उपाय उपलब्ध हैं।

पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों के त्वरित और बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पादन हेतु अब तकनीकी विकल्प उपलब्ध हैं। हालांकि, विभिन्न प्रकार के विनियामक प्रतिबंधों के कारण पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों के बाजार बेहद ही अविकसित हैं। यदि इन बाधाओं को हटा दिया जाये, तो कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के अन्य तीन उप-क्षेत्रों की तरह ही वानिकी क्षेत्र में भी भूरी क्रांति की अपार संभावनाएं हैं।

**(लेखक : नीति आयोग के सदस्य हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# टाटा स्टील ने जमशेदपुरवासियों को बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर किया समर्पित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलों को जीवन जीने का एक तरीका के रूप में बढ़ावा देते हुए अत्याधुनिक बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर शहर वासियों को सौंपा। शुक्रवार को आयोजित उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि टाटा स्टील के सीइओ प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन, विशिष्ट अतिथि टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी, सम्मानित अतिथियों में टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा,चीफ कॉर्पोरेट सर्विसेज प्रणय सिन्हा, चीफ स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर, टीएफए एंड स्पोर्ट्स मुकुल विनायक चौधरी ने संयुक्त से बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र का फीता काट कर उद्घाटन किया। बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र अंतरराष्ट्रीय मानक प्रकाश व्यवस्था के साथ 5 सिंथेटिक सतह कोर्ट से सुसज्जित है। इस सुविधा में दो वातानुकूलित कोर्ट भी शामिल हैं। इसमें पुरुषों एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम हैं। जो सभी खिलाड़ियों के लिए सर्वोत्तम संभव अनुभव सुनिश्चित करते हैं। नव निर्मित सुविधा अब शहर में राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट की मेजबानी का मार्ग प्रशस्त करेगी। टाटा स्टील बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर सभी खेल प्रेमियों के लिए बेहतरीन माहौल प्रदान करने के लिए तैयार है। टाटा स्टील बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर में कुल 491 खिलाड़ी पंजीकृत हैं। टाटा स्टील खेलों की प्रबल समर्थक है। टाटा स्टील के प्रयास से एथलीटों को विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधा प्रदान करने की दिशा में लगातार काम हो रही है।

# विधायक सरयू राय ने मानहानी के मुकदमे में न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष रखा बयान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाईबासा।** बीते दिनों भूपेन्द्र सिंह व राकेश सिंह के द्वारा अपने फेसबुक अकाउंट में विधायक सरयू राय की ईमानदारी पर सवाल उठाया था। उन्होंने दावा किया था श्री राय 2015-19 के दौरान झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री रहते के दौरान धन अर्जित कर आलीशान मकान बनवाया है। इससे क्षुब्ध होकर श्री राय ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस जारी करते हुए अपनी बात को साबित करने या सात दिनों में फेसबुक से पोस्ट हटाकर लिखित रूप से माफी मांगने का समय दिया था। लेकिन भाजपा नेता भूपेन्द्र सिंह व राकेश सिंह के द्वारा न तो फेसबुक से पोस्ट हटाया गया न ही कोई लिखित माफी मांगी गयी। बल्कि दोनों ने समाचार पत्रों के माध्यम से अनाप-सनाप बयान जारी किया था। जिसके उपरांत श्री राय ने जमशेदपुर न्यायालय में अपना शिकायतबाद दाखिल किया जो जनप्रतिनिधियों के चाईबासा विशेष न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार के न्यायालय में हस्तांतरित कर दिया गया था। शुक्रवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने चाईबासा व्यवहार न्यायालय पहुच कर सिदगोड़ा निवासी भूपेन्द्र सिंह और टेल्को ग्वाला बस्ती निवासी राकेश सिंह के विरूद्ध दर्ज किए गये मानहानी के मुकदमे में अपना बयान न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार के समक्ष कलमबद्ध कराया। मौके पर विधायक सरयू राय का बयान अधिवक्ता अनिंदा मिश्रा और सौरभ सिन्हा की मौजूदगी में दर्ज की गयी।

## ओड़िशा की खबर

# महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए भारतपे ने वूमैन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म के साथ की साझेदारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** फिनटेक उद्योग में भारत के अग्रणी नामों में से एक भारतपे ने शुक्रवार को वूमैन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म (डब्ल्यूइपी) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी का उद्देश्य पूरे भारत में महिला उद्यमियों की व्यावसायिक विकास की यात्रा में सहयोग करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। साझेदारी के तहत एक ऐसे मजबूत इकोसिस्टम का निर्माण किया जायेगा, जिसमें देशभर के विभिन्न हिस्सों से महिला उद्यमियों को एक प्लेटफॉर्म पर एकत्र किया जायेगा। साथ ही उन्हें आवश्यक डोमेन ज्ञान के साथ-साथ अपने व्यावसायिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वित्तीय और तकनीकी जानकारी से लैस भी किया जायेगा। फोकस क्षेत्र अपनी तरह के पहले एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म के विकास की सुविधा प्रदान करेगा जो सहकर्मी सहायता, सलाह, नेटवर्किंग चैनल और लर्निंग रिसोर्सेज की एक विस्तृत रेंज तक पहुंच प्रदान करता है।

भारतपे ग्रुप द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल भारतपे केयर्स के तहत लॉन्च की गयी यह साझेदारी नये और विश्वसनीय फिनटेक समाधानों के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने की ब्रांड फिलॉस्फीके अनुरूप है। यह विशिष्ट पहल भारतपे कंपनी पेबैक के सीएसआर कार्यक्रम के तहत है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा की गयी छठी आर्थिक जनगणना के अनुसार भारत में कुल उद्यमियों में महिलाओं की संख्या केवल 13.76 प्रतिशत है, जो कि कुल 58.5 मिलियन उद्यमियों में से 8.05 मिलियन के आसपास है। यह आंकड़ा बताता है कि महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने की आवश्यकता है ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। इस बात को ध्यान में रखते हुए, साझेदारी का उद्देश्य भारत में पूरे परिदृश्य में महिला उद्यमियों के सामने आने वाली बाधाओं को दूर करना है और उन्हें एक समान सुविधाएं प्रदान करना है जिसमें महिलाओं को विकास के समान अवसरों का आनंद मिल सके।

इस बारे में जानकारी देते हुए भारतपे के सीएफओ और अंतरिम सीइओ नलिन नेगी ने कहा कि हालांकि भारत एक स्टार्टअप और यूनिकॉर्न हब है, लेकिन देश में महिला उद्यमियों की हिस्सेदारी अभी भी कम है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि भारत में महिलाओं के बीच उद्यमिता से संबंधित संभावनाओं को सामने लाना अभी बाकी है। अनलॉक करने की एक बड़ी अप्रयुक्त क्षमता है। वूमैन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म देश में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में सक्रिय है, और हमें उनके साथ साझेदारी करने पर गर्व है, क्योंकि महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने के मामले में हम दोनों संगठनों का विजन एक समान है।

उन्होंने आगे कहा कि एक स्वदेशी फिनटेक के रूप में, महिला सोलोप्रेन्योर्स और छोटे व्यवसाय मालिकों के साथ हमारे नियमित जुड़ाव ने हमें उनके सामने आने वाली चुनौतियों को समझने में मदद की है। सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय जानकारी, नेटवर्किंग चैनल, मेंटरशिप और धन उगाहने के अवसरों तक पहुंच की कमी है। एक उद्योग रिपोर्ट के अनुसार भारत में महिला उद्यमी 2030 तक 150-170 मिलियन नौकरियां तैयार कर सकती हैं, जो कि पूरी कामकाजी उम्र की आबादी के लिए आवश्यक नयी नौकरियों का 25 प्रतिशत से अधिक है। इस प्रकार महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने से रोजगार सृजन के माध्यम से अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा और यह भारत को 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। वूमैन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म के साथ हमारी साझेदारी का उद्देश्य मौजूदा अंतराल को दूर करने और महिला उद्यमियों के विकास में सहायता करने के लिए तैयारशुदा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को सुविधाजनक बनाना है।

साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए वूमैन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म के मिशन डायरेक्टर अन्ना रॉय ने कहा कि हमारे देश में उद्यमशीलता का ईकोसिस्टम तेजी से फल-फूल रहा है, लेकिन महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों को अभी भी सामाजिक पूर्वाग्रहों के कारण बड़े पैमाने पर सपोर्ट की जरूरत है। पूरे देश में महिला उद्यमियों को नेटवर्किंग चैनलों और सलाह के अवसरों से बाहर किए जाने के कारण नुकसान का सामना करना पड़ता है। वूमैन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म एक सार्वजनिक निजी पहल है जिसका उद्देश्य विभिन्न हितधारकों के नेटवर्क का लाभ उठा कर उन महिला उद्यमियों को निरंतर समर्थन प्रदान करना है, जो इस ईकोसिस्टम का हिस्सा हैं। विचार यह है कि इन्हें आसानी से जोड़ा जाये, सूचनाओं संबंधी अंतराल को दूर किया जाये और महिलाओं को सही समय पर सही जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाया जाये। भारतपे ग्रुप के साथ साझेदारी के साथ वूमैन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म भागीदार संगठनों के इस विशाल और बढ़ते नेटवर्क में एक और महत्वपूर्ण हितधारक जोड़ता है। इस तरह महिला उद्यमियों के लिए हालात को अनुकूल बनाने के साथ-साथ और अधिक महिलाओं के लिए उद्यमिता संबंधी अवसरों का विस्तार करने की दिशा में प्रयास किये जा सकेंगे, ताकि वे भी अपना उद्यम शुरू कर सकें। भारतपे का प्रयास रहेगा कि महिला उद्यमियों को आवश्यक डोमेन ज्ञान से लैस किया जाये, ताकि वे अपने कारोबार को और आगे बढ़ा सकें। इसके लिए विशिष्ट क्षेत्रों के आसपास क्यूरेट किए गए शिक्षण स्रोतों के विकास की सुविधा प्रदान की जायेगी।

**भारतपे के बारे में**

भारतपे की स्थापना भारतीय व्यापारियों के लिए फाइनेंशियल इनक्लूजन को एक वास्तविकता बनाने के उद्देश्य के साथ 2018 में की गयी थी। वर्ष 2018 में भारतपे ने देश का पहला यूपीआई इंटरऑपरेबल क्यूआर कोड, पहली जीरो एमडीआर भुगतान स्वीकृति सेवा को लॉन्च किया। 2020 में कोविड के बाद भारतपे ने भारत का एकमात्र जीरो एमडीआर कार्ड स्वीकृति टर्मिनल - भारत स्वाइप भी लॉन्च किया। वर्तमान में 400 से अधिक शहरों में 1 करोड़ व्यापारियों को सेवा देने वाली यह कंपनी यूपीआइ ऑफलाइन लेनदेन में अग्रणी है, जिसके पास प्रति माह 30 करोड़ से अधिक यूपीआइ लेनदेन प्रोसेस होते हैं (वार्षिक लेन-देन प्रोसेस्ड वैल्यू 24 बिलियन अमेरिकी डॉलर)। कंपनी पहले ही 8000 करोड़ रुपये से अधिक के डिस्बर्समेंट की सुविधा प्रदान कर चुकी है।

### श्री महावीर मंडल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

# गढ़वा में सभी त्योहार शांति और सौहार्द्रपूर्ण मनाये जाते हैं: मंत्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में रामनवमी पर मझिआंव मोड़ पर श्री महावीर मंडल की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, समाजसेवी राकेश पाल, उपायुक्त शेखर जमुआर पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा डीडीसी राजेश कुमार राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान मंडली की ओर से विभिन्न झांकी एवं अखांडा के पदाधिकारियों को तलवार और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में सभी त्यौहार शांति और सौहार्द पूर्ण मनाया जाता है जो यह साबित करता है कि यहां के लोग आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाते है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी सद्भावना पढ़ती है। खास करके गढ़वा के लोगों में एक अलग तरह की सोच है यहां सभी लोग आपसी भाइचारे के साथ को मिलजुल कर पर्व मनाते हैं यह बहुत ही सराहनीय।

## कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किये

उन्होंने कहा कि हमारा समाज विभिन्नता में एकता में विश्वास रखता है। हम सभी धर्म जातियों का सम्मान करते हैं। यह हमें पर्व में देखने को मिलता है। कार्यक्रम के दौरान कलकत्ता के कलाकारों ने एक से बढ़कर कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वहीं कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी स्वर्गीय विमल सिंह की मां को सम्मानित किया गया। मौके पर मंडल के अध्यक्ष कंचन साहू, विशाल कुमार जायसवाल, राजेश कुमार विश्वकर्मा, विनोद प्रसाद, दीपक तिवारी, अरविंद केशरी, किशोर कुमार, उपेंद्र कुमार, सचिन कुमार जायसवाल, श्रीराम कुमार पासवान, विनोद कमलापुरी, पुनमचंद्र कायस्कार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा ने कार्यालय में की बैठक, आगामी कार्यक्रम को लेकर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी की बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान, पूर्व मुख्यमंत्री राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास का दो अप्रैल को गढ़वा आगमन पर तीन और चार अप्रैल को गढ़वा जिला भर में अलग-अलग कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास का आगमन दो अप्रैल को शाम पांच बजे होगा। आगमन के दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे के नेतृत्व में गोवावल मंडल के तिलदाग चौक पर भव्य स्वागत किया जायेगा। मोटरसाइकिल जुलूस के साथ काफिला गढ़वा शहर में प्रवेश करेगा। नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में पूरनचंद चौक एवं सहीजना मोड़ पर भीमराव अंबेडकर को माल्यार्पण किया जायेगा। एवं रात्रि विश्राम गढ़वा परिसदन में होगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन तीन अप्रैल को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कई कार्यक्रम में शामिल होंगे। रमना मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी के नेतृत्व में 9 बजे स्वागत किया जायेगा। 9:30 बजे श्री बंशीधर नगर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्ठ के नेतृत्व में बाबा बंशीधर का दर्शन करेंगे। 10 बजे श्री बंशीधर ग्रामीण मंडल के बिलासपुर पंचायत के बिलासपुर गांव में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में शामिल होंगे। जन चौपाल कार्यक्रम के लिए एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मन राम को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। 3 बजे जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी के नेतृत्व में केतार के खैरवा में पेयजल योजना का निरीक्षण करेंगे। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलला दुबे के नेतृत्व में कांडी मंडल के दारिदह में पेयजल योजना का निरीक्षण करेंगे। सभी कार्यक्रम के बाद मझीआंव नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम किया जायेगा। जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी को प्रभारी बनाया गया है। उसके बाद रात्रि विश्राम गढ़वा परिसदन में होगा। 4 अप्रैल को सुबह 9 बजे जिला मंत्री बबलु पटना के नेतृत्व में गढ़वा शहर के व्यवसायी के साथ जलपान एवं बैठक करेंगे। उसके बाद चिरौंजीया पंचायत के खजुरी गांव में ब्रह्मस्थान के पास आयोजित विशाल जन चौपाल कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिला महामंत्री संतोष दुबे एवं भाजपा नेता मनीष गुप्ता को प्रभारी बनाया गया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन से कार्यकर्ता में एक नया उर्जा का संचार होगा। वर्तमान सरकार के कृत्यों को उजागर किया जायेगा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि हमारा बूथ सबसे मजबूत इस मूल मंत्र के साथ कार्यकर्ता बूथ निर्माण में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास के आगमन पर गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा ग्रामीण मंडल के खजुरी ब्रह्मस्थान के पास जिला स्तरीय जन चौपाल कार्यक्रम एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के श्री बंशीधर ग्रामीण मंडल के बिलासपुर पंचायत में विधानसभा स्तरीय जन चौपाल कार्यक्रम किया जायेगा।

## बैठक में इनकी रही मौजूदगी

बैठक में मुख्य रूप से जिला महामंत्री विकास स्वदेशी उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे, राजीव रंजन तिवारी, कोषाध्यक्ष मीना गुप्ता, जिला मंत्री महेंद्र सिंह, ठाकुर प्रसाद महतो, बबलु पटना, मधुलता कुमारी, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो पलामू प्रभारी रामशीष तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मन राम, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नशीरुद्दीन अंसारी, विकास तिवारी, शिवम भारद्वाज, बिपिन तिवारी, पवन कुमार सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अभिमन्यु सिंह ने थामा बसपा का दामन, कहा

# पार्टी में कार्यकर्ता की तरह काम करूंगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढवा।** बसपा की ओर से गुरुवार को शहर के उत्सव गार्डन में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अंजू सिंह और अभिमन्यु सिंह ने अपने समर्थकों के साथ बसपा का दामन थामा। इस मौके पर अभिमन्यु सिंह ने कहा कि मैं बहुजन समाज पार्टी का दामन एक कार्यकर्ता के रूप में थामा हूं। मुझे इस पार्टी में एक सच्चे सिपाही के रूप में काम करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी सुप्रिमो मायावती के निर्देश पर कार्य करूंगा। पार्टी का जो निर्देश होगा उसी पर कार्य करने का काम करूंगा। चुनाव से कोई लेना देना नहीं है पार्टी जिसको चुनाव में टिकट देगी उसके साथ कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा में पिछले 40 वर्षों से दो लोगों ने राजनीत करने का कार्य किया है। उक्त दोनों प्रतिनिधियों ने सिर्फ अपना विकास करने का काम किया है। जनता का विकास से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी को विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा तो विस क्षेत्र में विकास का गंगा बहाने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा में पिछले जो 40 वर्षों में काम नहीं हुआ है उसे मैं पांच वर्ष में कर दिखाने का काम करूंगा। अंजू सिंह ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा की जनता आज भी ठगा हुआ महसूस कर रही है। विस क्षेत्र में जो विकास होना चाहिये वह नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर के बहुत सारे गांव में सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था नहीं है। आज भी वहां के लोग दूसरे जगह से पानी भरने का काम करते हैं। मौके पर बसपा के वीरेंद्र साव, वीरेंद्र चंद्रवंशी, सुनेश्वर सिंह, संजय कुमार गौतम, राहुल दूबे, नैमुद्दीन अंसारी, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, गुड्डु पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

# महावीरी झंडे के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा



**श्री राम भक्तों के उद्घोष जय श्री राम के नारों से पूरा मझिआंव गुंजायमान हो उठा।**

**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** हिंदू नववर्ष राम नवमी त्योहार के शुभ अवसर पर राधाकृष्ण मंदिर के महंत बाबा केशवनारायण दास के नेतृत्व में महाबीरी झंडे के साथ श्रीराम जानकी, हनुमान जी की झांकी पूरे बाजे गाजे के साथ विशाल रथ शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्री राम भक्तों के उद्घोष जय श्री राम के नारों से पूरा मझिआंव गुंजायमान हो उठा। इस दौरान श्रीराम जानकी आखाड़ा, श्री रघवीर आखाड़ा, युवा शक्ति हनुमान आखाड़ा, बाल युवा अखाड़ा गाहिड़ी, अखौरी तहले एवं रापूरा, ऊचरी की तरफ से महावीरी झंडे के साथ आये विशाल संयुक्त जुलूस तथा भगवा झंडे एवं जय श्री राम, हर हर महादेव आदि नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा, जुलूस के दौरान हनुमान भक्तों द्वारा लाठी, गदा एवं तलवार का करतब दिखाये गये। जुलूस के दौरान रघुवीर जानकी अखाड़ा एवं युवा समाजसेवी मारुतिनंदन सोनी के द्वारा विभिन्न स्थानों से आए हुए अखाड़ा के अध्यक्षों, प्रतिष्ठित तथा बजरंगी भाइयों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। तथा मेन रोड में दुकानदार संघ के युवाओं के द्वारा मुरब्बा, चना एवं गुड़ पानी की व्यवस्था की गई थी, इस दौरान दंडाधिकारी सह बीडियो नितेश भास्कर, सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता, पुलिस इंस्पेक्टर राजीव कुमार, थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो, एसआइ विकास कुमार, एएसआइ बीरबल बैठा, आलोक कुमार, चंद्रशेखर आजाद एवं काफी संख्या में महिला-पुरुष पुलिस बल हर चौक चौराहे पर तैनात किए गए थे।

## थाना प्रभारी ने बनवाया छतरी वाला बेंच, लोगों ने की सराहना

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी नीतीश कुमार के सौजन्य से थाना परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण की विशेष साफ-सफाई कराई गई साथ ही छतरी वाला 3 बेंच का निर्माण कराया गया। परिसर में छतरी वाला बेंच लगने से जहां लोगों को बैठने के लिए सुविधा होगी वही थाना परिसर के सौंद्रीकरण में चार चांद लग रहा है। बता दें कि मंदिर परिसर के बगल में फूल बागवानी है जिसे हरा भरा रखने में मेराल थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों एवं जवान हमेशा लगे रहते हैं। मंदिर के सामने जहां एक तरफ फूल के बगीचा में विभिन्न प्रजाति के फूल खिले रहते हैं वहीं दूसरी ओर दुर्लभ पौधों की हरियाली तथा सामने में नवनिर्मित छतरी वाला बेंच बन जाने से मेडिटेशन सेंटर बन गया है।

**कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉंची**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 112/22–23.

1. विभाग का नाम :–उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :–विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :–दिनांक 20/04/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :–दिनांक 21/04/2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :–दिनांक 21/04/2023 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :–नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल राँची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :–नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :–विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 7,10,428=00 | 15,000=00 | 1250=00 | 28 दिन |

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची

PR294208 (Energy)22-23*D

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय**
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- **317/2022-23/RWD/RAMGARH** दिनांक :- **29.03.2023**
मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/RAMGARH/10/SRPKG-01/2022-23 | (i) रॉंची रोड (करमा सिमाना) से रतवे तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.900 कि0मी0)<br>(ii) दुरू कसमार से रौता–2 तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.000 कि0मी0)<br>(iii) उपरखखरा से धारा फॉल भाया पत्थलगढ़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.950 कि0मी0)<br>(iv) बरियातु बाजार टांड़ से साड़म भाया माचा टांड़ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 6.450 कि0मी0)<br>(v) पोटमदगा से बोंगई तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.050 कि0मी0)<br>(vi) रायपुरा से पी0डब्लू0डी0 रोड काली स्थान भाया बारघुटू तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.450 कि0मी0)<br>(vii) भालु स्कूल से पोटमदगा भैरवी नदी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.300 कि0मी0) | 11,67,00,800.00 | ग्यारह करोड़ सड़सठ लाख आठ सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/RAMGARH/11/SRPKG-02/2022-23 | (i) कुशियारा, किन्नी, जराद, आराशाह से लेम तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 7.900 कि0मी0)<br>(ii) 1. पीरी टोला से सांकुल रोड तक 2. सांकुल रोड बरवाटोला से तालाब तक 3. पंचायत भवन से पतरातू रोड तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.200 कि0मी0)<br>(iii) निम्नी से चिकोर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.500 कि0मी0)<br>(iv) केदला हॉउसिंग से केदला नगर भाया केदला बस्ती तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.800 कि0मी0)<br>(v) लईयो से तितिरमरवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 0.900 कि0मी0)<br>(vi) लईयो गांव पक्की पथ से लईयो टोला घोसी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.200 कि0मी0)<br>(vii) दिगवार चौक से लुगु मण्डप भाया दिगवार हाई स्कूल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.900 कि0मी0) | 10,84,31,800.00 | दस करोड़ चौरासी लाख इकतीस हजार आठ सौ रू0 मात्र | 15 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **10.04.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **20.04.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **रामगढ़** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **21.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (21.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **24.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **रामगढ़** के पक्ष में एवं **रामगढ़** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 293987 (Rural Work Department) 22-23 (D)

## रामनवमी पूजा का भव्य आयोजन

# श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल ने किया सम्मानित



सोनू कुमार गुप्ता

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्मोत्सव रामनवमी पर्व जिला भर में काफी धूमधाम एवं भव्य तरीके से मनाया गया। पूरा गढ़वा जय श्रीराम के नारां से गूंजता रहा। उत्साहित राम भक्तों ने रविवार की देर रात तक गाजे-बाजे साथ झांकी, रथ व जुलूस को निकाला। इस दौरान शहर के रंका मोड़ पर श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की ओर से स्टॉल लगाकर अखाड़ा रथ व झांकी आदि को सम्मानित किया गया। जबकि बेहतर प्रदर्शन करने वाले को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, डीडीसी राजेश कुमार राय, जिला परिषद अध्यक्ष सांति देवी एसडीओ राज महेश्वरम आदि ने संजुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चैत्र शुक्ल नवमी को मयार्दा पुरूषोत्तम श्री राम का जन्म हुआ था। यह बहुत ही शुभ दिन है। आज के दिन भगवान श्री राम एवं बजरंग बली की पूजा की जाती है। इससे सुख, शांति एवं समृद्धि आती है। हमारे पूर्वजां ने खास उद्देश्य से इस प्रकार के सामुहिक पूजन का आयोजन किया था। इस महापर्व पर समाजिक एकता एवं समरस्ता का भाव देखने को मिलता है। मंत्री ने कहा कि सामाजिक एकता एवं समरस्ता का गढ़वा पूरे देश में मिशाल है। उन्होंने ने कहा कि रामनवमी महापर्व हिंदुओं का बहुत बड़ा पर्व है। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के मौके पर मनाये जाने वाले इस पर्व से समाज में सद्भावना का संदेश जाता है। भगवान श्री राम ने मर्यादा एवं राजधर्म का अद्वितीय संदेश समाज को दिया है। मौके पर पूर्व अध्यक्ष अनिता दत्त, एसडीओ राज महेश्वरम, डीडीसी राजेश राय, नप के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार एसडीपीओ अवध कुमार यादव, महासमिति जेनरल के अध्यक्ष दौलत सोनी, संरक्षक मुरली श्याम सोनी, मंच का संचालन धीरज दुबे एवं राजकुमार मलेशिया, तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, अंजली गुप्ता, सूरज गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**इन अखाड़ों को किया गया पुरस्कृत:** श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की ओर से रंका मोड़ पर निगरानी मंच बनाया गया था। समिति की ओर से रथ झांकी में प्रथम पुरस्कार श्री राम मंदिर टंडवा, द्वितीय पुरस्कार व्यवसाई संघ व तृतीय पुरस्कार मां भवानी अखाड़ा रांकी मोहल्ला को दिया गया। जबकि जुलूस में प्रथम पुरस्कार श्री राम दल चिरौंजिया, द्वितीय पुरस्कार देवी मंडप साहिजना, तृतीय पुरस्कार शांति सद्भावना समिति उंचरी को दिया गया। मानव झांकी में प्रथम पुरस्कार निमिया स्थान दिगंबर अखाड़ा, द्वितीय पुरस्कार पवनपुत्र अखाड़ा मदरसा रोड, तृतीय पुरस्कार न्यू गोल्डन अखाड़ा को दिया गया। जबकि भंडारा में प्रथम पुरस्कार युवा शक्ति संघ रंका मोड़ के द्वितीय पुरस्कार झुग्गी झोपड़ी संघ सहिजना मोड़ तथा तृतीय पुरस्कार बंसी लाल अग्रवाल पार्वती देवी ट्रस्ट राम लला गढ़वा को दिया गया।

**रंका मोड़ घंटाघर के पास हुआ राम भक्तों का मिलान:** रामनवमी के दिन शहर में लोगों के बीच खास उत्साह दिखा। रामनवमी के दिन शहर और आसपास के क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक रामनवमी को लेकर उत्साह दिखा। महावीर मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। इस विशाल जुलूस में भगवान राम की प्रतिमा को लेकर शहर में घूमने के बाद रंका मोड़ घंटाघर के पास राम भक्तों का मिलन हुआ। युवाओं ने करतब भी दिखाया। कई जगहों पर भंडारे का आयोजन भी हुआ। संकट मोचन हनुमान मंदिर, अद्भुत हनुमान मंदिर, घंटाघर चौक, कचहरी चौक, नवादा चौक, मझिआंव मोड़ के अलावा कई हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर लगी रही।

**एक से बढ़कर एक निकाला गया रथ:** मां भवानी अखाड़ा, श्री राम मंडली, जय देवी संघ टंडवा, महाराणा प्रताप अखाड़ा एवं व्यवसाई संघ आदि अखाड़ा की ओर से बढ़कर एक रथ निकाले गये। जुलूस में निमिया स्थान दिगंबर अखाड़ा, रेलवे लाइन पार जय हनुमान अखाड़ा, आदर्श नगर आदर्श नगर वीर कुंवर सिंह अखड़ा, श्री बजरंग अखाड़ा, शांति सद्भावना समिति, बजरंग दल, इंदिरा गांधी रोड जय श्री राम अखाड़ा, अग्रवाल मोहल्ला व्यवसाय संघ, मेन रोड महाराणा प्रताप अखाड़ा, शिवाजी अखड़ा, राखी मोहल्ला मां भवानी अखाड़ा, चिनिया रोड श्री राम पूजा समिति, नगवा मोहल्ला शिव शांति संघ, सहिजना राम नवमी पूजा समिति, नवादा मोड़ रामदूत अखाड़ा, गढ़देवी मंदिर जय मां गढ़देवी अखाड़ा, टंडवा देवी धाम, श्री राम मंदिर टंडवा, नवादा जय मां संघ अखाड़ा, मदरसा रोड पवनपुत्र अखाड़ा, नाहर चौक संपूर्ण हिंदू संघ अखाड़ा, रंका मोड़ जनरल कमेटी संकट मोचन हनुमान मंदिर, खादी बाजार श्री राम मंडली, चिरौंजी जय श्री राम दाल, महावीर मंडल, राम जन्म उत्सव समिति सहित कुल 30 अखाड़े शामिल थे। सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन चौकस रही। प्रत्येक रथ और झांकी जुलूस के साथ-साथ पुलिस के पदाधिकारी व पुलिस बल साथ चल रहे थे। पुलिस शहर के चप्पे-चप्पे पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही थी। सभी जगह पर फोर्स की तैनाती की गई है। जुलूस के साथ पूरे शहर का भ्रमण किया गया उसके बाद शोभा यात्रा को राम लला मंदिर पर जाकर खत्म हो गई।

## लोहरदगा के राजा बंगला में एकल पाठशाला का उद्घाटन

# गरीब बच्चों को मिलेगा नि:शुल्क हेल्दी एजुकेशन : सौरव समीर

उद्घाटन के मौके पर मौजूद अतिथियों और शहर के जागरूक नागरिकों ने इसे एक कल्याणकारी प्रयास बताया

सत्यकाम




**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के राजा बंगला परिसर में शुक्रवार को एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित एकल पाठशाला का उद्घाटन प्रख्यात फिल्म अभिनेता सौरव समीर ने विधिवत किया। उद्घाटन के मौके पर मौजूद अतिथियों और शहर के जागरूक नागरिकों ने इसे एक कल्याणकारी प्रयास बताया। एकल पाठशाला की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर होने पर इसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समाज के गरीब, अनाथ और रोज कमाने खाने वाले परिवार के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा मिलने की उम्मीद व्यक्त किया गया। इस संदर्भ में फिल्म अभिनेता सौरव समीर ने कहा कि, एकल पाठशाला का मूल उद्देश्य गरीब और लाचार बच्चों का उत्थान और विकास शिक्षा के माध्यम से करना है। कहा कि, रिक्शा चालक, ठेला चालक, फुटपाथ में दुकान चलाने वाले, खोमचा वाले अभिभावक अपने बच्चों को वर्तमान परिवेश के अनुरूप शिक्षा नहीं दे पाते हैं। एकल पाठशाला रोज कमाने खाने वाले परिवार के बच्चों को गुणात्मक शिक्षा देगा। पहली से पांचवी कक्षा तक निशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था की गई है। सौरव समीर ने कहा एकल पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों को हेल्दी एजुकेशन देने की पूरी व्यवस्था है। आने वाले फीचर को देखकर बच्चों को शिक्षित करने के लिए एकल पाठशाला की पूरी टीम कार्य योजना के तहत काम करेगी। उद्घाटन के मौके पर हेमंत राय, शुभम कुमार, पवन प्रजापति, वेदांग सिंह, रमन नायक, बच्चों के अभिभावक और जागरूक नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## खिलाड़ियों का ओपन ट्रायल 5 अप्रैल को

**बालूमाथ।** अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर 16 के लिए ओपन ट्रायल 5 अप्रैल 2023 को होगा। ओपन ट्रायल जिला खेल स्टेडियम लातेहार में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिला भर के खिलाड़ी अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र डिजिटल, आधार कार्ड, अपने माता या पिता का वोटर कार्ड, बैंक पासबुक तथा दो फोटो लेकर आयेंगे। उक्त आशय की जानकारी संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जो सत्र 2022_23 में स्कूली लीग खेले हैं और जिनका निबंधन लातेहार जिला क्रिकेट संघ में हो गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी 5 अप्रैल 2023 को दिन के 10 बजे जिला खेल स्टेडियम लातेहार में पहुंच कर ओपन ट्रायल दे सकते हैं। ओपन ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों का कैंप लगाया जायेगा। वहीं कैंप में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन अंडर 16 अंतर जिला क्रिकेट लीग के लिए किया जायेगा।

**कार्यालय– जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त, लातेहार, (जिला राजस्व शाखा)**

-: अल्पकालीन निविदा :-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 3632/रा0, दिनांक 24.06.2016 द्वारा लातेहार जिले के रख–रखाव एवं संचालन आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराये जाने का निदेश प्राप्त है। उक्त निदेश के अलोक में परिसदन भवन (नया/पुराना), लातेहार के सफल संचालन हेतु आवश्यक शर्तो के साथ झारखण्ड राज्य के विभिन्न संचालन संस्था/प्रतिष्ठानों से दिनांक 17.04.2023 को अपराहन् 01:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 17.04.2023 को अपराहन् 03 :00 बजे निविदा खोला जायेगा। निविदादाता को उपायुक्त, लातेहार के पद नाम से मो0 50000/– पचास हजार रूपये का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा की विस्तृत विवरणी एवं शर्ते इस जिले के वेबसाईट **www.latehar.nic.in** पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
लातेहार

PR 294135 District(22-23)#D

# धर्म के प्रति सजग होकर आत्मरक्षा में आगे आयें बहन-बेटियां : भैरव सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

| 12 | श्री अयोध्या कुमार सिंह | तत्कालीन कनीय अभियंता, लघु सिंचाई अनु० साहेबगंज। | 6398.30 |
| 13 | श्री रघुनन्दन प्रसाद | तत्कालीन कनीय अभियंता, लघु सिंचाई अनु० साहेबगंज। | 4585.92 |
| 14 | मो० कैसर इमाम | तत्कालीन कनीय अभियंता, लघु सिंचाई अनु० साहेबगंज। | 11196.91 |
| 15 | श्री रविन्द्र कुमार सिंह | तत्कालीन कनीय अभियंता, लघु सिंचाई अनु० राजमहल। | 12047.20 |
| 16 | श्री विनोद कुमार सिंह | तत्कालीन कनीय अभियंता, लघु सिंचाई अनु० राजमहल। | 30000.00 |
| 17 | श्री सिंघेश्वर पाठक | तत्कालीन कनीय अभियंता, लघु सिंचाई अनु० राजमहल। | 68912.30 |
| 18 | श्री के० पी० राय | तत्कालीन सहायक अभियंता, लघु सिंचाई अनु० राजमहल। | 220.00 |

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज

PR 294167 Irrigation(22-23)#D

## स्पोर्ट्स

**पीसीबी के अध्यक्ष नजम सेठी ने बयान जारी कर कहा है कि वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के मैच भारत के अलावा किसी और देश में कराने को लेकर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है।**

### कहा-हम केवल एशिया कप के लिए न्यूट्रल वेन्यू पर चर्चा कर रहे, वो भी एसीसी से

# पाकिस्तान के वर्ल्ड कप मैचों पर आइसीसी में चर्चा नहीं : पीसीबी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत आइसीसी वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा। चर्चा चल रही थी कि वर्ल्ड कप में पाकिस्तान अपने मुकाबले बांग्लादेश में खेलेगा। पर अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी का बयान सामने आया है। पीसीबी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के मैच भारत के अलावा किसी और देश में कराने को लेकर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। हालांकि, एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) में एशिया कप में भारत के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर कराने को लेकर चर्चा चल रही है। बयान में कहा गया है कि भविष्य में इस मॉडल को वर्ल्ड कप में शामिल करने को लेकर समय आने पर आइसीसी में चर्चा की जा सकती है।

दरअसल हाल ही में आइसीसी के जनरल मैनेजर वसीम खान ने एक वीडियो इंटरव्यू में कहा था कि वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के मैच भारत में नहीं, बल्कि बांग्लादेश में खेले जाएंगे। पिछले हफ्ते की रिपोर्ट के अनुसार, एशिया कप टूर्नामेंट के ज्यादातर मैच पाकिस्तान में होंगे, लेकिन भारतीय टीम के जितने भी मैच होंगे, उन्हें यूएइ, ओमान या श्रीलंका में से किसी एक जगह शिफ्ट कराया जा सकता है। इस बात को लेकर वसीम ने वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के मैच बांग्लादेश या श्रीलंका में कराने की बात कही थी।



### जय शाह ने लिया था टीम इंडिया को पाकिस्तान नहीं भेजने का फैसला

**पिछले साल अक्टूबर में बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने पाकिस्तान में एशिया कप होस्ट होने पर निर्णय लिया था कि टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं जाएगी। जय शाह के मुताबिक, भारत सुरक्षा कारणों से एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा और टूर्नामेंट किसी न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा।**

### सितंबर में एशिया कप

इस बार का एशिया कप सितंबर के शुरूआती सप्ताह में होना है। 13 दिनों तक चलने वाले 6 टीमों के इस टूर्नामेंट में फाइनल समेत कुल 13 मैच होंगे। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं। उनके साथ एक टीम क्वालिफाई करके पहुंचेगी। वहीं श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान दूसरे ग्रुप में हैं।

### न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे भारत के मैच

एशिया कप के शुरूआती स्टेज में भारतीय टीम 2 मैच खेलेगी। एक भी मैच जीतने पर टीम सुपर-4 स्टेज में पहुंचेगी, जहां उसे 3 मैच खेलने होंगे। अगर टीम इंडिया फाइनल में भी पहुंची तो वह टूर्नामेंट में कुल 6 मुकाबले खेलेगी। भारत के फाइनल में पहुंचने की स्थिति में उस मुकाबले को भी न्यूट्रल वेन्यू पर ही शिफ्ट किया जाएगा। उधर, एशिया कप के लिए न्यूट्रल वेन्यू में फिलहाल यूएइ, ओमान और श्रीलंका के अलावा इंग्लैंड का नाम भी सामने आ रहा है क्योंकि इंग्लैंड में भारत-पाक मैच को देखने के लिए भारी मात्रा में दर्शक पहुंचते हैं। हालांकि इंग्लैंड को मेजबानी मिलने की उम्मीद कम ही है, क्योंकि वअए और ओमान में इससे पहले एशिया कप और क्ष्छ के मैच सितंबर के दौरान आयोजित किए जा चुके हैं। ऐसे में एशिया के ही किसी देश को भारत के मैचों की मेजबानी मिलने की उम्मीद है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।
ई– निविदा सूचना संख्या.:– RWD/SD/LATEHAR/10/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड लातेहार सदर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 59531715.00 | 1191000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 2 | प्रखण्ड बालूमाथ में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 58657662.00 | 1174000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 3 | प्रखण्ड चन्दवा में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 58711274.00 | 1175000.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय:– दिनांक–06.04.2023 से दिनांक–21.04.2023 को अपराहन् 05:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 24.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान:–
 I) जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार
 II) ग्रामीण विकास विशेष अंचल, पलामू/जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
 III) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, रांची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, रांची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 25.04.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9122180770, 7061815124
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR.NO.293913 Rural Development(22-23):D

## झरिया विधायक ने किया वाटर टैंकरों का उद्घाटन, झरियावासियों को किया समर्पित

# जनमानस की समस्याओं का निदान करना ही एकमात्र उद्देश्य : पूर्णिमा सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनसार/झरिया।** झरिया कोयलांचल वासियों की हर समस्याओं का समाधान करना ही उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए वे सतत प्रयासरत है। गर्मी के मौसम में क्षेत्र में हो रहे पेय जलापूर्ति समस्या के निदान को लेकर टैंकर से निःशुल्क जलापूर्ति की जायेगी। उक्त बातें झरिया विधायक सह सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कही। वे शुक्रवार को कतरास मोड स्थित कार्यालय के समीप दो वाटर टैंकर के उद्गाटन के मौके पर बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि उक्त टैंकर पेयजल समस्या के समाधान को लेकर स्थानीय लोगों की मांग पर विधायक निधि से खरीदा गया है. विधायक ने दोनों वाटर टैंकर झमाडा कार्यपालक अभियंता पंकज झा को सौंपा। झमाडा के माध्यम से वाटर टैंकर का परिचालन किया जायेगा। उद्घाटन दैविक मंत्रोचार के साथ पंडित राजीव पांडेय ने कराया। साथ में विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने फीता काटकर व झमाडा अभियंता पंकज झा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर वाटर टैंकर को रवाना किया। वहीं विधायक पूर्णिमा ने झरिया के जरूरतमंद परिवारों की मांग पर अपने निजी फंड से निः शुल्क शव वाहन भी भेंट किया। कहा कि जरुरत मंद परिवार जो परिवार के किसी सदस्य की मौत होने पर अंतिम संस्कार के लिए जाने के दौरान वाहन का खर्च वहन करने में सक्षम नहीं है। उनकी मांग पर निःशुल्क शव वाहन की सेवा शुरू की जा रही है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, सूरज सिंह, रामकृष्ण पाठक, मृणाल कांत सिंह, मुख्तार खान, अब्दुल करीम अंसारी, शिव चरण शर्मा, श्रीकांत अंबष्ट, महेश शर्मा, रुपा देवी, प्रह्लाद धारी, जलाल अंसारी, रामजी सिंह, मुख्तार अंसारी, गणेश बहादुर सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह, मनोहर रजवार, भोला सिंह, शशी सिंह, कौशल सिंह, प्रमोद चंद्रवंशी, हरिओम प्रसाद, आफताब अंसारी, शेख सुल्तान, बबलू सिंह, राजकुमार ठाकुर, सिंकू सिंह, रवि रवानी, पवन खरकिया, शिव शंभू प्रसाद, रत्नेश यादव, अशोक वर्णवाल, राजा अंसारी और सुबोध सिंह आदि उपस्थित थे।



वाटर टैंकर का उद्घाटन करती झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह व अन्य।

## कोयलांचल में अदा की गयी रमजान के दूसरे जुम्मे की नमाज, अल्लाह से मांगी गयी गुनाहों की माफी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जब रमजान आता है तो रहमत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। शैतान जंजीरों में जकड़ दिए जाते हैं। (सहीह मुस्लिम, किताबुल सयाम, बाब रमजान के फजाइल, हदीसः 1079)। ऊपर की पंक्तियां पढ़कर कोई भी इस्लाम धर्म में रमजान महीने की अहमियत का अंदाजा लगा सकता है। जिस तरह रमजान महीने को पवित्र और महत्वपूर्ण माना गया है, उसी तरह इस्लाम में जुम्मे की नमाज को भी अन्य दिनों की अपेक्षा महत्वपूर्ण माना जाता है। रमजान महीने में रोजेदारों में जुम्मे की नमाज अदा करने को लेकर खास उत्साह देखने को मिलता है। शुक्रवार को धनबाद कोयलांचल के मस्जिदों में जुम्मे की नमाज अदा करने को लेकर नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। मस्जिदों में इसके लिए पहले से ही विशेष तैयारी की गई थी, ताकि नमाजियों को कोई परेशानी न हो। इसके बाद अकीदत के साथ मस्जिदों में हजारों सिर सजदे के लिए झुके और नमाज अदा की गई। उसके बाद इमाम ने सामूहिक रुप से गुनाहों की माफी और इबादत कुबूल करने को लेकर रब की बारगाह में दुआ किया। लगे हाथ देश में अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी गई। इसके अलावे इस वर्ष 65 रुपये सदका-ए-फितर का एलान किया गया।

**अल्लाह ने रमजान में कुरआन नाजिल कर जिंदगी जीने का बताया तरीका : मौलाना अबुल कलाम :** लोयाबाद। इस्लाम में जकात और सदका-ए-फितर का खास महत्व है। मुसलमानों पर सदका ए फितर वाजिब (निकालना जरूरी है) किया गया है। साहबे निसाब मुसलमानों पर जकात फर्ज (निकालना जरूरी है) है। इस बार प्रत्येक व्यक्ति को 65 रुपये सदका ए फितर निकालना है। उक्त बातें रमजान माह के दूसरे जुम्मे में नमाजियों को खिताब करते हुए लोयाबाद पावर हाउस मस्जिद के इमाम मौलाना अबुल कलाम खान रिजवी ने कही। उन्होंने कहा कि अल्लाह तआला ने माहे रमजान में कुरआन शरीफ को नाजिल कर मुसलमानों को जिंदगी जीने का तरीका बताया। मुसलमानों को किन कामों को करना चाहिए और किन कामों से बचना चाहिए कुरआन में बताया गया है। रमजान में सदका ए फितर निकाला जाता है।जकात (दान)कभी भी निकाल सकते हैं। माहे रमजान में जकात निकालने की अहमियत काफी है। इस महीने में हर नेकी का अल्लाह तआला सत्तर गुना सवाब (पुण्य) अता करता है। हर साहबे मुसलमान (जिसके पास साढ़े सात तोला सोना या साढ़े बावन तोला चांदी की हैसियत हो) पर फर्ज है। उन्होंने बताया कि साल भर की कमाई की शुद्ध लाभ के ढाई फीसदी जकात के रूप में निकालना फर्ज है। यह रकम गरीब, मिस्कीन, यतीम और दीनी इदारे को देना चाहिए। अगर कोई इसको अदा नहीं करता तो उसके रोजे आसमान और जमीन के दरम्यान मुअल्क (लटकता) रहता है।

## रमजान माह के दूसरे जुम्मे की नमाज अदा कर मांगी देश में अमन चैन की दुआ

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो कोयलांचल की मस्जिदों में भी शुक्रवार को रमजान के दूसरे जुम्मे की नमाज अदा की गई। यहां नमाज पढ़ने से लिये सुबह से ही बड़े-बुजूर्ग-युवा-बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने सामूहिक नमाज अदा किया। नमाज के बाद सभी मस्जिदों में देश में अमन-चैन की दुआ मांगी गई। फुसरो नगर के रहीमगंज, पुराना बीडीओ आफिस, भेड़मुक्का, राजबेड़ा, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, घुटियाटांड़ आदि मस्जिदों में जुम्मे की नमाज से पहले इमाम ने तकरीर करते हुए लोगों को दीनी बात बताई। पुराना बीडीओ आफिस स्थित गुलशन-ए-अजमेर नूरी बरकाती जामा मस्जिद में हाफिज कारी सादिक हुसैन, भेदमुक्का बस्ती गोशिया जमा मस्जिद में हाफिज सफीकुल कादरी, रहिमगंज जामा मस्जिद में इमाम इरफान नदवी ने जुमे की नमाज पढ़ाया।

## धनसार कुम्हारपट्टी में युवक ने की खुदकुशी

**धनसार (आजाद सिपाही)।** धनसार थाना क्षेत्र के कुम्हारपट्टी में सुनील पंडित नामक व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार की सुबह उसका शव घर में फंदे से लटकता पाया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर धनसार पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई। इस बाबत मृतक के भाई टिंकू पंडित ने बताया कि वे लोग पांच भाई हैं, जिसमें सुनील पंडित तीसरे नंबर पर थे। वह कोर्ट मोड़ के लिट्टी दुकान में काम करता था। वहीं पर रहता भी था। लेकिन पिछले तीन दिनों से वह कुम्हाररपट्टी आना-जाना कर रहा था। क्योंकि दो दिन पहले यहां एक व्यक्ति से उनका झगड़ा हो गया था और उनके पैर में चोट भी आई थी। जिसके बाद धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान वे वहां से भागकर आ गये और रात में मकान के दूसरे कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

# तेतुलमारी में दो अलग-अलग घटनाओं में महिला समेत दो की मौत, जांच शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तेतुलमारी/कतरास।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला समेत दो लोगों की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा कर यूडी कांड अंकित कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। जानकारी के मुताबिक पहली घटना धनबाद-गया रेलखंड के गंडुवा फटक के समीप हुई। पोल संख्या 280/30 के समीप रेल लाइन से शुक्रवार की सुबह एक महिला का शव छत बिछत अवस्था में बरामद हुआ।




झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **330/2022-23/RWD/DALTONGANJ** दिनांक :- **31.03.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ DALTONGANJ / 14/2022-23 | गढ़वा पी0डब्लू0डी0 पथ जगनारायण महतो के होटल से बनखेता मटखार तक पथ निमाण कार्य (लं– 2.050 कि0मी0) | 2,03,73,700.00 | दो करोड़ तीन लाख तिहत्तर हजार सात सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 2. | RWD/ DALTONGANJ / 16/2022-23 | राँची रोड खामडीह से कृष्णा चौधरी के घर होते हुए पुरनाडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं– 4.025 कि0मी0) | 3,33,83,100.00 | तीन करोड़ तैंतीस लाख तेरासी हजार एक सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 3. | RWD/ DALTONGANJ / 17/2022-23 | जंघासी खोंच से बनासो मेन रोड तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.850 कि0मी0) | 2,80,48,500.00 | दो करोड़ अस्सी लाख अड़तालीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 4. | RWD/ DALTONGANJ / 18/2022-23 | मेन रोड बृजमोहन सिंह के घर, चरितर सिंह के घर, प्राथमिक विद्यालय देवी मंडप बाबा वीर कुँवर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.500 कि0मी0) | 2,63,07,300.00 | दो करोड़ तिरसठ लाख सात हजार तीन सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 5. | RWD/ DALTONGANJ / 01/2022-23 | जोगा रेलवे लाईन से जमडीहा भाया करकट्टा तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.700 कि0मी0) | 2,27,21,189.00 | दो करोड़ सताईस लाख इक्कीस हजार एक सौ नवासी रू0 मात्र | 12 माह |
| 6. | RWD/ DALTONGANJ / 22/2022-23 | डंडीला ग्राम में रामजी कहार के घर से हैदरनगर प्रखण्ड के सड़ेया ग्राम आंगनबाड़ी केन्द्र तक पथ निर्माण कार्य (लं– 4.550 कि0मी0) | 4,74,45,500.00 | चार करोड़ चौहत्तर लाख पैंतालीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 7. | RWD/ DALTONGANJ / 23/2022-23 | पिपरा प्रखण्ड के सरैया पंचायत के होलया चेरवा ग्राम आर0सी0डी0 रोड से पुनपुन उदगम स्थल कुंड होते हुए बारा बानाडीह ग्राम तक पथ निर्माण कार्य (लं– 4.200 कि0मी0) | 3,95,32,000.00 | तीन करोड़ पनचानवे लाख बत्तीस हजार रू0 मात्र | 15 माह |
| 8. | RWD/ DALTONGANJ / 24/2022-23 | पी0डब्लू0डी0 रजवाडीह मुख्य पथ से महादेव माड़ा होते हुए खैराही तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.100 कि0मी0) | 3,34,31,700.00 | तीन करोड़ चौंतीस लाख इकतीस हजार सात सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 9. | RWD/ DALTONGANJ / 25/2022-23 | पंचायत आसेहर के पीपल चौक से बनई होते हुए भवरदह सिवान तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.300 कि0मी0) | 2,32,32,500.00 | दो करोड़ बत्तीस लाख बत्तीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 10. | RWD/ DALTONGANJ / 26/2022-23 | उंटारी रोड पिपराखांड़ से लकराही होते हुए प्रतिमांझी तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.000 कि0मी0) | 2,15,40,800.00 | दो करोड़ पन्द्रह लाख चालीस हजार आठ सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 11. | RWD/ DALTONGANJ / 27/2022-23 | खरकटी पी0डब्लू0डी0 पथ से पुल होते हुए बंदन प्रजाप्रति के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2. 300 कि0मी0) | 2,14,54,200.00 | दो करोड़ चौदह लाख चौवन हजार दो सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 12. | RWD/ DALTONGANJ / 28/2022-23 | एन0एच0–75 चियांकी सक्रेट हार्ट स्कूल होते हुए कृषि अनुसंधान केन्द्र से पीपल पेड़ होते हुए पंचायत सचिवालय चियांकी से मेन रोड चियांकी पार्क तक पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 2.868 कि0मी0) | 1,96,57,100.00 | एक करोड़ छियानवे लाख सनतावन हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 13. | RWD/ DALTONGANJ / 29/2022-23 | पंचायत दुब के बरवईया बगीचा से गैस गोदाम तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.000 कि0मी0) | 1,94,87,900.00 | एक करोड़ चौरानवे लाख सतासी हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 14. | RWD/ DALTONGANJ / 30/2022-23 | एन0एच0–75 चियांकी रोड से बैगा टोला, चन्द्रिका सिंह के घर एवं दशगात्र मण्डप होते हुए अमरेश यादव के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.030 कि0मी0) | 1,85,50,100.00 | एक करोड़ पचासी लाख पचास हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 15. | RWD/ DALTONGANJ / 31/2022-23 | लिढ़की से केकतुआ एवं प्रजाप्रति मुहल्ला होते हुए हरिजन मोहल्ला तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.700 कि0मी0) | 1,68,99,600.00 | एक करोड़ अड़सठ लाख निनानवे हजार छः सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 16. | RWD/ DALTONGANJ / 32/2022-23 | पंचायत तेतरई आर0सी0डी0 मेन रोड धानुक टोला से शेख मुहल्ला होते हुए सांई टोला तीन मुहान तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.100 कि0मी0) | 1,55,72,900.00 | एक करोड़ पचपन लाख बहत्तर हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 17. | RWD/ DALTONGANJ / 33/2022-23 | सूरज पाण्डेय के घर से जय दुबे के घर होते हुए चेड़ाबार मोड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.100 कि0मी0) | 1,55,08,100.00 | एक करोड़ पचपन लाख आठ हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 18. | RWD/ DALTONGANJ / 34/2022-23 | हरिहर प्रजाप्रति के घर से कुम्हार टोला होते हुए वृन्दावन तिवारी के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.570 कि0मी0) | 1,46,70,500.00 | एक करोड़ छियालीस लाख सत्तर हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 09 माह |
| 19. | RWD/ DALTONGANJ / 35/2022-23 | ग्राम पहलदेवा आजाद बिगहा से कालीपुर देवी स्थान तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.500 कि0मी0) | 1,24,61,200.00 | एक करोड़ चौबीस लाख इकसठ हजार दो सौ रू0 मात्र | 09 माह |
| 20. | RWD/ DALTONGANJ / 36/2022-23 | मेन रोड आर0ई0ओ0 मोड़ से मनोज चौरसिया के घर एवं राजबिहारी चौरसिया के घर होते हुए छप्परदागा सिवाना तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1. 200 कि0मी0) | 1,20,63,900.00 | एक करोड़ बीस लाख तिरसठ हजार नौ सौ रू0 मात्र | 09 माह |
| 21. | RWD/ DALTONGANJ / 20/2022-23 | चेड़ी धाम (बंदला) से दरूआ पुल तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.200 कि0मी0) | 3,11,13,330.00 | तीन करोड़ ग्यारह लाख तेरह हजार तीन सौ तीस रू0 मात्र | 15 माह |
| 22. | RWD/ DALTONGANJ / 13/2022-23 | कुराईन पतरा में रूपदेव साव के घर से कुराईन पतरा नवलेश मेहता के घर होते हुए मेन रोड तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.250 कि0मी0) | 1,44,63,800.00 | एक करोड़ चौवालीस लाख तिरसठ हजार आठ सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **10.04.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **21.04.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **डालटनगंज** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **24.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (24.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **25.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **डालटनगंज** के पक्ष में एवं **डालटनगंज** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 294203 (Rural Work Department) 22-23 (D)


## बीजीएच में नवजात शिशुओं की गहन चिकित्सा के लिए वेंटिलेटर की सुविधा

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जनरल अस्पताल के शिशु रोग विभाग में नवजात शिशुओं के बेहतर इलाज एवं क्रिटिकल केयर के लिए वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं। जिसका उद्घाटन चीफ मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ बीबी करुणामय ने किया। इस अवसर पर एडिशनल सीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ वर्षा घाणेकर, डॉ इंद्रनील चौधरी, डॉ आनंद कुमार, डॉ अजय कुमार आदि मौजूद थे।


झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **338/2022-23/RWD/CHATRA** दिनांक :- **31.03.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ CHATRA/08/ 2022-23 | ग्राम हफुआ में डब्लू सिंह के घर से हरिजन टोला शिव स्थान होते हुए बेला मनीर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 4. 050 कि0मी0) | 4,63,20,300.00 | चार करोड़ तिरसठ लाख बीस हजार तीन सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ CHATRA/13/ 2022-23 | तुलबुल से नगवां ईटखोरी मोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 10.450 कि0मी0) | 4,24,62,900.00 | चार करोड़ चौबीस लाख बासठ हजार नौ सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 3. | RWD/ CHATRA/10/ 2022-23 | नवोदय विद्यालय से पाओ होते हुए चैनपुर मोड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 4.160 कि0मी0) | 3,89,85,100.00 | तीन करोड़ नवासी लाख पचासी हजार एक सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 4. | RWD/ CHATRA/01/ 2022-23 | पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ गेरूआ से बड़की बिगहा भाया लछुई तक पथ निर्माण कार्य तक (लं– 3.400 कि0मी0) | 3,21,73,451.00 | तीन करोड़ इक्कीस लाख तिहत्तर हजार चार सौ एकावन रू0 मात्र | 15 माह |
| 5. | RWD/ CHATRA/03/ 2022-23 | मुख्य पथ गोलकाबर से बेलहरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 5.600 कि0मी0) | 3,00,94,352.00 | तीन करोड़ चौरानवे हजार तीन सौ बावन रू0 मात्र | 15 माह |
| 6. | RWD/ CHATRA/02/ 2022-23 | भरही पी0डब्लू0डी0 पथ से तुमियां सिमाना भाया केवलिया तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.700 कि0मी0) | 2,68,97,785.00 | दो करोड़ अड़सठ लाख सनतानवे हजार सात सौ पचासी रू0 मात्र | 15 माह |
| 7. | RWD/ CHATRA/11/ 2022-23 | पंचायत बारीसाखी ग्राम–पेकसा से बारीसाखी शमशान घाट तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.100 कि0मी0) | 2,59,37,700.00 | दो करोड़ उनसठ लाख सैंतीस हजार सात सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 8. | RWD/ CHATRA/09/ 2022-23 | चाया से पिंजा तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.200 कि0मी0) | 1,97,42,300.00 | एक करोड़ सनतानवे लाख बयालीस हजार तीन सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 9. | RWD/ CHATRA/04/ 2022-23 | महुबरी स्कूल से हुसिया आर0ई0ओ0 पथ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.625 कि0मी0) | 1,59,92,702.00 | एक करोड़ उनसठ लाख बानबे हजार सात सौ दो रू0 मात्र | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **11.04.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **26.04.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **चतरा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **27.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (27.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **28.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **चतरा** के पक्ष में एवं **चतरा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR294154 (Rural Work Department)22-23*D



झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **324/2022-23/RWD/HAZARIBAGH** दिनांक :- **31.03.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ HAZARIBAGH/ 11/2022-23 | ग्राम कल्हाबाद में पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड पोस्ट ऑफिस टोला से पारटांड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.500 कि0मी0) | 3,81,38,600.00 | तीन करोड़ एकासी लाख अड़तीस हजार छः सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ HAZARIBAGH/ 17/2022-23 | एन0एच0–02 चैथी मोड़ से लेढ़िया नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 6.225 कि0मी0) | 3,49,46,900.00 | तीन करोड़ उनचास लाख छियालीस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 3. | RWD/ HAZARIBAGH/ 14/2022-23 | पंचायत+ग्राम–लुपुंग में शिव मंदिर चौक से श्मशान घाट होते हुए पी0डब्लू0डी0 पथ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.200 कि0मी0) | 3,18,66,200.00 | तीन करोड़ अठारह लाख छियासठ हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 4. | RWD/ HAZARIBAGH/ 01/2022-23 | एन0एच0–02 से गंगटियाही तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.900 कि0मी0) | 2,94,11,200.00 | दो करोड़ चौरानवे लाख ग्यारह हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 5. | RWD/ HAZARIBAGH/ 15/2022-23 | पंचायत बेस अन्तर्गत हारम ग्राम के हारम चौक से रजहर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.700 कि0मी0) | 2,83,73,400.00 | दो करोड़ तेरासी लाख तिहत्तर हजार चार सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 6. | RWD/ HAZARIBAGH/ 20/2022-23 | चटकरी से मडमो भाया पीपरा टोला मोड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.300 कि0मी0) | 2,77,25,700.00 | दो करोड़ सतहत्तर लाख पच्चीस हजार सात सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 7. | RWD/ HAZARIBAGH/ 09/2022-23 | पी0डब्लू0डी0 पथ से कौलेश्वरीबागी होते हुए बड़काआम घांसी जी के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.000 कि0मी0) | 2,75,85,921.00 | दो करोड़ पचहत्तर लाख पचासी हजार नौ सौ इक्कीस रू0 मात्र | 15 माह |
| 8. | RWD/ HAZARIBAGH/ 04/2022-23 | पंचशील कॉलोनी मुख्य पथ से संजय कु0 सिंह के घर से धीरज त्रिपाठी के घर होते हुए देवेन्द्र सिंह के घर से श्रीकांत पाण्डे के घर होते हुए मृदुला सिंह के घर से सुरदीप कुमार के घर होते हुए कन्हाई सिंह के घर से बबन दास के घर होते हुए नृसिंह स्थान मुख्य पथ से पंचशील कॉलोनी तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.623 कि0मी0) | 2,33,65,400.00 | दो करोड़ तैंतीस लाख पैंसठ हजार चार सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 9. | RWD/ HAZARIBAGH/ 18/2022-23 | पी0डब्लू0डी0 चौपारण चतरा रोड बारा चौक से केन्दुआ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 3.300 कि0मी0) | 2,29,15,000.00 | दो करोड़ उनतीस लाख पन्द्रह हजार रू0 मात्र | 12 माह |
| 10. | RWD/ HAZARIBAGH/ 19/2022-23 | महाराजगंज चौक से चयकला होते हुए लेढ़िया नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 3.200 कि0मी0) | 2,18,30,500.00 | दो करोड़ अठारह लाख तीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 11. | RWD/ HAZARIBAGH/ 07/2022-23 | लुपुंग मंदिर चौक से भदैया नदी तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.500 कि0मी0) | 1,45,11,100.00 | एक करोड़ पैंतालीस लाख ग्यारह हजार एक सौ रू0 मात्र | 09 माह |
| 12. | RWD/ HAZARIBAGH/ 16/2022-23 | बन्दखारो भागीरथ महतो के घर से नागी पथ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.500 कि0मी0) | 1,38,68,100.00 | एक करोड़ अड़तीस लाख अड़सठ हजार एक सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **11.04.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **26.04.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **हजारीबाग** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः–**27.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (27.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **28.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **हजारीबाग** के पक्ष में एवं **हजारीबाग** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 294155 Rural Work Department(22-23).D

# सीएम नवीन पटनायक तीन को जापान जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक तीन से नौ अप्रैल तक जापान दौरे पर रहेंगे। नवीन जापान में एक बिजनेस मीट में शामिल होंगे। नवीन पटनायक जापान के तीन शहरों टोक्यो, क्योटो और ओसाका में बिजनेस प्रोग्राम रहा हैं। इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री इस बात पर जोर देंगे कि जापान के बड़े बड़े कंपनियां ओडिशा में कैसे पूंजी निवेश करेंगी. बिसेस रुप से तकनीक आधारित उद्योगों पर फोकस रहेगा। इससे पहले व्यावसायिक कार्यक्रम में नवीन ने इटली और यूएइ का दौरा किये थे। उन्होंने ओडिशा में निवेश करने के लिए विभिन्न उद्योगपतियों से चर्चा की। इसी तरह अगस्त 2022 को नवीन ने 30 देशों के राष्ट्रदूतों के साथ ओडिशा में निवेश पर चर्चा किए थे। नवीन के साथ एक प्रतिनिधिमंडल जापान जाने का भी कार्यक्रम है।

# जिंदल स्टील एंड पावर ने ओम प्रकाश जिंदल की 18वीं पुण्यतिथि मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर, अंगुल।** जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने अपने संस्थापक ओम प्रकाश जिंदल (बाऊजी) की 18वीं पुण्यतिथि मनायी। इसमें आध्यात्मिक बैठकें, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सहित विभिन्न सामाजिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित किये गये। स्टील एंड पावर के सभी विभाग प्रमुख, कर्मचारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने श्रद्धासुमन अर्पित की और इस महान आत्मा के प्रयासों को याद किया। इस मौके पर जेएसपी फाउंडेशन की ओर से विभिन्न समाज कल्याण कार्यक्रम आयोजित किये गये और जिंदल नगर क्षेत्र में स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हृदयेश्वर झा ने किया और उन्होंने कर्मचारियों को रक्तदान कर कीमती जान बचाने के लिए प्रेरित किया। ओड़िशा ब्लड बैंक एवं जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संयुक्त




रूप से आयोजित इस रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक अधिकारी डॉ सत्यब्रत पट्टजोशी सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इस शिविर से कुल 149 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

जिंदल महिला समिति ने जेएसपी फाउंडेशन के सहयोग से, जिंदल स्टील एंड पावर की सामाजिक जिम्मेदारी शाखा के रूप में काम करते हुए, विभिन्न वृद्धाश्रमों और पुनर्वास केंद्रों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सूखा भोजन और दैनिक आवश्यकताओं जैसी विभिन्न बुनियादी वस्तुओं का वितरण किया। बडमहितला (आर एंड आर) कॉलोनी स्थित डीएवी सावित्री जिंदल हाई स्कूल ने भी बाऊजी को याद किया और सम्मान के रूप में स्कूल के छात्रों ने बाऊजी के सुंदर चित्र बनाये। जिंदल नगर टाउनशिप स्थित देवभूमि मंदिर में अखंड रामायण पाठ, पूजा और हवन किया गया।

**ओम प्रकाश जिंदल का संक्षिप्त परिचय :** एक साधारण किसान के परिवार में जन्मे ओम प्रकाश जिंदल की दृढ़ इच्छाशक्ति ने उन्हें एक सफल व्यवसायी बनाया और अपने सामाजिक जीवन में अपार सफलता हासिल की। आत्मनिर्भर भारत का सपना देखने वाले प्रमुख शिल्पपति ओपी जिंदल अग्रणी व्यवसायी बन गये भारत में इस्पात उद्योग में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए उन्हें बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने हरियाणा विधान सभा और संसद के सदस्य के रूप में विभिन्न लोक कल्याणकारी कार्यों में विशेष योगदान दिया। उन्होंने हरियाणा राज्य सरकार में शक्ति मंत्री के रूप में भी कार्य किया। एक प्रमुख सामाजसेबी के रूप में उन्होंने स्कूलों, अस्पतालों और कई अन्य परोपकारी संस्थानों की स्थापना करके देश में मानव विकास सूचकांक में सुधार करने के लिए ओपी जिंदल का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

# बीजेडी ने झारसुगुड़ा उपचुनाव के लिए दीपाली को दिया टिकट



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बीजेडी ने आगामी झारसुगुड़ा उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। झारसुगुड़ा उपचुनाव के लिए बीजेडी ने मंत्री नवदास के बेटी दीपाली दास को उम्मीदवार के लिए नाम घोषणा की है। दीपाली को अपने पिता के सपने को पूरा करने के लिए दिया जायेंगे।















# एनटीपीसी दर्लीपाली ने प्रतिष्ठित कलिंग सीएसआर अवार्ड जीता

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के सुंदरगढ़ जिले में स्थित एनटीपीसी दर्लीपाली को सामुदायिक विकास गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए कलिंग सीएसआर अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। 31 मार्च 2023 को इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइज हैदराबाद के सहयोग से इंस्टीट्यूट ऑफ क्वालिटी एंड एनवायरनमेंट मैनेजमेंट सर्विसेज द्वारा आयोजित कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी इनिशिएटिव - 2023 पर 7वें राष्ट्रीय सेमिनार में पावर स्टेशन ने पुरस्कार जीता। यह पुरस्कार अजय कुमार टंडन सीजीएम (एनटीपीसी दर्लीपाली) द्वारा प्राप्त किये।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार अमांत, कैबिनेट मंत्री, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग, ओडिशा सरकार



उपस्थिति थे। यह पुरस्कार एनटीपीसी दरलीपाली को समुदाय के समग्र विकास और इसके परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार समुदायों को लाभान्वित करने के लिए एनटीपीसी दर्लीपाली द्वारा की गयी सर्वोत्तम सीएसआर प्रथाओं और पहलों का प्रमाण है। अजय कुमार टंडन मुख्य महाप्रबंधक (एनटीपीसी दर्लीपाली) ने कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दर में इजाफा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2022-23 के आखिरी दिन सरकार ने छोटी बचत योजनाओं में निवेश करने वालों को खुशखबरी दी है। सरकार ने छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर दी है। नये ब्याज दर एक अप्रैल 2023 से लागू होंगे।

सरकार की ओर जारी ताजे अपडेट में अप्रैल-जून तिमाही में छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दर में 70 बीपीएस तक की बढ़ोतरी की गयी है। सरकार के इस फैसले का लाभ सीनियर सिटीजंस सेविंग्स स्कीम, नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट, सुकन्या समृद्धि योजना, किसान विकास पत्र जैसी योजनाओं में निवेश करने वालों को मिलेगा।

**पीपीएफ पर ब्याज दर में फिर नहीं हुआ कोई बदलाव :** हालांकि, रिटायरमेंट प्लालिंग से जमा स्कीम पीपीएफ के ब्याज दरों में सरकार ने फिर कोई बदलाव नहीं किया है। लगातार 12वीं तिमाही में पीपीएफ के ब्याज दर नहीं बदले गए हैं। फिलहाल इस स्कीम के तहत सरकार निवेशकों को 7.1% ब्याज दे रही है।

**कितना हुआ इजाफा**

- वरिष्ठ नागरिक बचत योजनाओं पर ब्याज दर 8% से बढ़ा कर 8.2% किया गया।
- नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट पर ब्याज दर 7% से बढ़ाकर 7.7% किया गया।
- सुकन्या समृद्धि योजना पर ब्याज दर 7.6% से बढ़ाकर 8% किया गया।
- किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.2% (120 महीने) से बढ़ा कर 7.5 % (115 महीने) कर दिया गया है।









# ओड़िशा में नयी आबकारी नीति की घोषणा


## बढ़ी लाइसेंस फीस, होटलों को मिलेगा बार लाइसेंस

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रदेश में नयी आबकारी नीति की घोषणा कर दी गयी है। आबकारी विभाग ने वित्तीय 2023-24 वर्ष के लिए नई आबकारी नीति की घोषणा किए । नई आबकारी नीति के अनुसार 2023-24 में ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की कोई नई दुकान नहीं खुलेगी। इसी प्रकार लेबल पंजीकारण शुल्क 40 हजार से बढ़ाकर 50 हजार कर दिया गया है। इसकी जानकारी विभाग द्वारा दी गयी है।

पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नई आबकारी नीति में बड़ा बदलाव किया गया है। अब राज्य के विभिन्न समुद्र तटों में शराब की दुकानें खोलने की अनुमति दे दी गई है. मेहमानों को निजी कार्यक्रमों में शराब परोसने की अनुमति है और इसके लिए उन्हें शुल्क देना होगा। हालांकि इस साल यह पिछले साल की तुलना में बढ़ा है। कार्यक्रम में एक दिन में 200 लोगों के लिए 10 हजार, 200-500 लोगों के लिए 15 हजार, 500-1 हजार लोगों के लिए 20 हजार और अधिक लोगों के लिए 25 हजार जमा करना होगा। हालांकि बताया जा रहा है कि यह सुविधा पर्यटकों के लिए पूरे साल उपलब्ध रहेगी।

हालांकि आवेदन पत्र के साथ ही शराब की दुकानों के लिए न्यूनतम शराब संग्रह कोटा और लाइसेंस शुल्क भी बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही आबकारी शुल्क में इजाफा हुआ है। नए लाइसेंस या नवीनीकरण के आवेदन फॉर्म को एक लाख रुपये से बढ़ाकर एक लाख 10 हजार रुपये कर दिया गया है। इसी तरह मोलासेस के लेन-देन के लिए इसमें 10 हजार की बढ़ोतरी की गई है जबकि 50 हजार थी। अभी इसके लिए 60 हजार रुपये खर्च करने होंगे।









# केनाल में गिरी बारात की गाड़ी, सात की गयी जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर, संबलपुर।** केनाल में एक बोलेरो गाड़ी गिरने से सात लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार लोग घायल हो गये। संबलपुर के शासन केनाल में गुरुवार देर रात को एक बारात की गाड़ी गिरने से सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि चार घायलों को संबलपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात को बारातियों का एक दल झारसुगुड़ा जिले के बडधरा गांव से संबलपुर जिले के परमाणपुर क्षेत्र को गये थे।



हालांकि वापस आते समय रास्ते में एक केनाल की भीतर गाड़ी गिरने से पानी में डूब कर सात लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में अजीत खमारी, दिव्य लोहा, सरोज सेठ, सुमंत भोई, सुब्रत भोई और रमाकांत भोई थे। उधर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बोलेरो गाड़ी को केनाल से बाहर निकाल कर जांच-पड़ताल कर रही है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**